१३: मिल में श्रमिकों के लिए रेस्ट हाऊस का प्रबन्ध तुरन्त किया जाय।

१४: पीने का पानी, मुंह हाथ धोने व नहाने धोने आदि के लिए पानी तथा जगह का प्रबन्ध किया जाय।

१५: रौलिंग सेक्सन में व गरम काम करने वाले हर श्रमिक को जूता खरीदने के लिए तीन रुपये की बजाय ६) रुपया दिया जाय, क्यों कि इस मंहगाई के जमाने में हर चीज के दाम बढ़ते चले जा रहे हैं और उस पुरानी रकम में काम करने योग्य अब जूता नहीं मिलता।

१६: रौलिंग सेक्सन में हवा के लिए पंखों का प्रबन्ध तुरन्त किया जाय।

१७: मिल में आम मजदूरों की राय से कम से कम सात आदमी की वर्क्स कमेटी चुनी जाय, जो श्रमिकों के हितों की रक्षा करे व उनके सवालों को प्रबन्धकों के समक्ष रक्खे। प्रबन्धक भी मिल के अन्दर उस कमेटी की सलाह से कार्य को चलायें और अगर किसी मामले में मत मतभेद पैदा हो जाय तो श्रमिकों द्वारा प्रस्तावित यूनियन का एक प्रतिनिधि, प्रबन्धकों का एक प्रतिनिधि और डिप्टी लेबर कमिश्नर, कानपुर रीजन, कानपुर के समक्ष मामला रक्ख दिया जाय, वे जो फैसला कर दें वह दोनों पक्षों के लिये मान्य होना चाहिये।

श्री मान् जी,

हमारी ओर से उपरोक्त कुछ मांगे, जो आपकी सेवा में प्रस्तुत की जा रही हैं, आशा है कि आप उन्हें तुरन्त स्वीकार कर हमारे कार्यालय में इसकी लिखित सूचना अविलम्ब भेज देंगें, ताकि भविष्य में कोई ऐसी बात न हो कि जिससे आपसी मतभेद और बढ़े।

हम उम्मीद करते हैं कि आप हमारी उपरोक्त बातों पर हमदर्दी व संजीदगी से विचार करने का कष्ट अवश्य करेंगें।

कष्ट के लिए अग्रिम धन्यवाद ।।

भवदीय,

(निजाम उद्दीन)
प्र० मन्त्री,
आयरन एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स यूनियन, कानपुर

प्रतिलिपियां प्रेषित कीं:-

१-श्रीमान् लेबर मिनिस्टर साहब,
उत्तर प्रदेश सरकार,
लखनऊ।

क्रमश: पेज नं०--चार

IRON AND ENGINEERING WORKERS' UNION KANPUR

(Registered No. 1893)

Affiliated To :-
THE A. I. T. U. C.

131/358 (Hasanganj)
BEGAMPURWA

Ref. ..... -: चार :- KANPUR 196

२- श्रीमान् जिलाधीश जी,
कानपुर ।

३- श्रीमान् सर्किल आफीसर साहब,(तृतीय) पुलिस,
नीरा वाद, कानपुर ।

४- श्रीमान् लेवर कमिश्नर साहब,
उत्तर प्रदेश, कानपुर ।

५- श्रीमान् डिप्टी लेवर कमिश्नर साहब,
कानपुर रीजन, कानपुर ।

६- श्रीमान् इन्सपेक्टर आफ़ फैक्ट्रीज़,
कानपुर रीजन, कानपुर ।

७- श्रीमान् मन्त्री जी,
आल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस,
रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली ।

८- श्री मान् मन्त्री जी,
यू०पी० ट्रेड यूनियन कांग्रेस,
१२।१,ग्वालटोली, कानपुर ।

९- श्री एस० एम० वनर्जी, एम०पी०,
सिविल लाइन्स, कानपुर ।

१०- श्री यस० यस० यूसुफ एम०एल०ए०,
बाम्बा रोड, दर्शनपुरवा,
कानपुर ।

भवदीय,

(निज़ाम उद्दीन)

प्रधान मन्त्री,

आयरन एण्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स यूनियन,कान

पूर्वी उत्तर प्रदेश मजदूर सम्मेलन वाराणसी

(३० नवम्बर व १ ली दिसम्बर १९६३)

डी० ३६/३ अगस्तकुंडा, वाराणसी।

फोन नं० ३१०७

दिनांक 20th November १९६3 . 1963

45387 27/11/63

Shri V.K.Krishna Menon M.P.
New Delhi.

Dear Sir,

The trade Unions of the Eastern U.P. have decided to hold a con[illegible]-ence of the workers of this region at Varanasi, on 30th November and 1st [illegible] 1963.

The object of this conference is to voice the difficulties that the working class is facing, due to mounting high prices, and to raise the demand about wage increase, bonus and minimum wages Etc.

You will be glad to know that trade unions belonging to various all India Central Organizations as well as independent unions have come-together to make this conference a success.

The organisers of the conference have decided to request you to kindly inaugrate this conference. We hope that you will accept our invitatio[illegible] and agree to inaugrate the conference and guide the conference in its deli-berations.

An early reply will be very much appreciated.

Thanking You.

Yours Sincerely,

Satya Narain Tiwari

Convenor, Prepatory Committee.

To
Secretary A.I.T.U.C.
5 Jhandewallan
Rani Jhansi Road
New Delhi 1

2

[illegible]

A. I. T. U. C.
Received 4057 12/11/63
Replied ....

Chai Bagan Mazdoor Union
Paltan Bazar,
Dehra Dun,
8/11/63

Dear Com.,

The Trade Union Record of 20 Oct. 63 has featured a newsbit that the Standing Orders Act has been amended in the monsoon sesion of the Lok Sabha, applying the model standing orders on those establishments where Standing Orders have not yet been certified. This, indeed, is an important step. We shall be obliged if you could send us the referencex etc. of the Government notification, which has published this amendment, because most of the Labour authprities as well as the employers, do not yet know of this amendment and refuse to accept our statement unless backed by authority.

With greetings

Fraternally,

[signature]

for General Secretary
CHAI BAGAN MAZDOOR UNION

P.S. Please inform us too as to when this amendment comes into force.

पोस्ट कार्ड
POST CARD
केवल पता
ADDRESS ONLY

The General Sectetayy
All India Trade Union Congress,
Jhandewalan,
Rani Jhansi Road,
NEW DELHI.

22 Nov 63

Dear Com.Brijendra,

Your postcard of 8th Nov. As you know, an enactment becomes enforceable only after the measure gets the assent of the President and is published in the Gazette. But in this case, the particular amendment to the Standing Orders Act follows a tripartite agreement. As the "Statement of Objects and Reasons" for the amending Bill has stated "This proposal has the approval of the tripartite Standing Labour Committee". Therefore, it is morally binding on all employers and State Governments even before the amendment is legally enforceable.

With greetings,

Yours fraternally,

(K.G.Sriwastava)

Com.Brijendra,
Chai Bagan Mazdoor Union,
Paltan Bazar,
DEHRA DUN

पूर्वी उत्तर प्रदेश मजदूर सम्मेलन वाराणसी

(३० नवम्बर व १ ली दिसम्बर १९६३)

डी० ३६।३ अगस्तकुंडा, वाराणसी।

फोन नं० ३१०७

A. I. T. U. C.
Received ... 2nd Dec 63
Replied ...

दिनांक 23. 11. 1963. 23/11/1963

Dear Com K. G.

The preparatory Committee of Conferen had its meetings after I had a talk with you on phone. The Committee decided that it may be left upon you to fix ~~some~~ one for inaguration of the Conference. We may preffer any M. P. who has relation with T. U. ~~M~~ movement. I am trying to contact Com Ram Asare about your programme becaus we want you as we have got so other things to discuss with you. Any how I will request you to do the need ful and intimate us propftly.

Yours Comradly

Satya Narain Tiwari

I reply
Ves/ ...

23/24 Nov 1963

आगरा मजदूर (मँहगाई-बोनस) कान्फ्रेंस

शिवाजी मार्केट, शनिवार-रविवार २३-२४ नवम्बर

* मँहगाई के साथ-साथ मँहगाई भत्ता बढ़ाओ।
* मँहगाई भत्ते या वेतन में २५% की बढ़ोत्तरी करो।
* कम से कम ६५) मासिक या २॥) रोज मजदूरी दो।
* वर्ष में कम से कम १ महीने का बोनस दो।
* सब की नौकरी मुस्तकिल करो।
* ठेकेदारी प्रथा खत्म करो।
* मजदूर हितैषी कानूनों का सख्ती से पालन करो।



6035, Chiffilde Road
Agra
Dated 11-12-63

My dear Srivastava,

I posted you a letter on the 28th Nov. 1963, Regret to say that I have received no reply as yet.

The representation of Sardar Mahendra Singh is to be submitted to the President. He wants your help in this connection.

It is therefore necessary that you should let us know when you will be available in Delhi, so that Sardarjee may come to you, or I may visit Delhi for the purpose.

P.T.O.

U. P. Metal & Engineering Workers' Federation

President :
RAM ASREY
Gen. Secretary :
NIZAMUDDIN

27

Kanpur दिसम्बर २७, 196३

श्रीमान् श्रम मन्त्री जी,
उत्तर प्रदेश सरकार,
लखनऊ।

A. I. T. U. C.
Received 4807 30/12/63
Replied............

माननीय महोदय,

निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में आयरन-स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योगों में लगे हुये श्रमिकों के वेतन का कोई स्केल निश्चित नहीं है। अब से दस वर्षों पहले कानपुर के कुछ श्रमिकों के लिये एक स्केल निश्चित हुआ था, मगर प्रदेश के और शहरों में वह भी नहीं हुआ था। गत दस वर्षों में हालत बहुत बदल गई है, मगर श्रमिकों के वेतन के सम्बन्ध में सरकार की ओर से कोई कदम अब तक नहीं उठाया गया। वेतन के मामले में हमारे प्रदेश में काफी अनारकी है।

यह कि जिन्दगी की जरूरियात की चीजों के दाम दिन दूने व रात चौगुने बढ़ते चले जा रहे हैं। श्रमिकों व आम जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है। सरकार चीजों के दाम बढ़ने से रोकने व शक्कर और अन्य जरूरी चीजों की चोर बाजारी रोकने तथा मुनाफा खोरों की मनमानी मुनाफा खोरी को रोकने में असफल रही है।

यह कि आल इण्डिया आयरन-स्टील का वेतन मण्डल भारत सरकार की ओर से नियुक्त किया गया, पर हमारे प्रदेश का एक भी शहर व कारखाना उसके कार्य क्षेत्र में नहीं आया, यह बड़े दुःख की बात है।

यह कि हमने एक मेमोरेन्डम आपको (श्रीमती सुचिता जी कृपलानी जो उस समय श्रम मन्त्री थीं को) ता० १७ मई, ६३ को भेजा, जिसमें हमने उ० प्र० में

U. P. Metal & Engineering Workers' Federation

President :
RAM ASREY

Gen. Secretary :
NIZAMUDDIN

Kanpur..................................196

आयरन-स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योग में लगे हुये श्रमिकों के वास्ते वेतन मण्डल के सवाल पर आपका ध्यान आकर्षित किया और यह भी प्रार्थना की थी कि हमें आप अपना कुछ बहुमूल्य समय देकर हमारी बात सुनने का कष्ट अवश्य करें। परन्तु हमें अभी तक आपके सामने अपनी बात तफसील में रखने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ।

यह कि उपरोक्त मेमोरन्डम को श्रम सचिव के हवाले कर दिया गया। काफी समय तक प्रतीक्षा करने के बाद हमने एक पत्र श्री मान् श्रम सचिव को भी ७-११-६३ को भेजा और उस पत्र द्वारा फिर हमने श्रम सचिव से भी प्रार्थना की थी कि हमें आप अपना बहुमूल्य समय देकर हमारी पूरी बात उक्त मामले पर सुन लें, पर अब तक कोई नतीजा नहीं निकला, उपरोक्त पत्र की कापी हमने श्री एस० एम० बनर्जी, एम०पी०,कानपुर को भी भेजी और उन्होंने पत्र की कापी को अपने एक पत्र के साथ ८-११-६३ को आपको भेजा, लेकिन दुःख के का विषय है कि इस पर भी आपने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया।

यह कि हालत दिन पर दिन बिगड़ती ही चली जा रही है, क्यों कि उ०प्र० में आयरन,स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योगों में लगे हुये श्रमिकों को अन्य प्रदेश के मुकाबले में बहुत ही कम वेतन मिलता है, इनके वेतन का कोई स्केल निर्धारित नहीं है। हमारे प्रदेश में लोहे के कारखानों में यह आम तौर से हो रहा है कि ठेकेदारों के नाम से लोग मुलाजिम रक्खे जाते हैं और उन्हें सिर्फ १।) रुपया से लेकर १॥) रुपया तक ही रोजाना कुल मजदूरी दी जाती है और कारीगरों का काम लेना व कुली का वेतन देना यह बीमारी तो आम तौर से फैली हुई है। उ०प्र० में आयरन, स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योगों में या तो मंहगाई मिलती ही नहीं और जहां कहीं दी जाती है वह भी बराय नाम।

U. P. Metal & Engineering Workers' Federation

President :
RAM ASREY
Gen. Secretary :
NIZAMUDDIN

-: तीन :-

Kanpur..................................196

यह कि मुनाफा खोरों द्वारा अथाह लूट व कारखाना मालिकों द्वारा श्रमिकों का जबरदस्त शोषण तथा सरकार की श्रमिकों के प्रति लापरवाही की नीति के कारण आम श्रमिकों में बेचैनी बढ़ती ही जा रही है।

इसलिये, हम एक बार फिर आपसे अनुरोध करते हैं कि आप कृपा कर उ०प्र० में आयरन, स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योगों में लगे हुये श्रमिकों की आर्थिक, सामाजिक तथा उनके जीवन स्तर की ओर ध्यान अवश्य देकर वेतन सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिये जरूरी कार्यवाही कीजिये और इस सम्बन्ध में आप, अपना बहुमूल्य समय हमें अधिकतम देकर, हमारी पूरी बात सुनने का कष्ट अवश्य करें।

कष्ट के लिये अग्रिम अनेक धन्यवाद।

भवदीय,

(निज़ाम उद्दीन) प्र० मन्त्री,
यू०पी० मेटल एण्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन,
१२१।४५८, (ऊपर) बेगमपुरवा, कानपुर।

प्रतिलिपियाँ प्रेषित कीं:-

१-श्रीमान् लेबर मिनिस्टर,
भारत सरकार, नई दिल्ली।
२-श्रीमान् श्रमायुक्त साहब, यू०पी०, कानपुर।
३-श्रीमान् मन्त्री जी, आल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, नई दिल्ली।
४-श्रीमान् प्रधान मन्त्री, यू०पी०टी०यू०सी०, कानपुर।
५-श्री एस० एम० बनर्जी, एम० पी०, कानपुर।
६-श्री एस० एम० यूसुफ, एम०एल०ए०, कानपुर।

भवदीय,
Nizamuddin
(निज़ाम उद्दीन) प्र०मन्त्री

कैन्टूनमेन्ट लेबर यूनियन (रजिस्टर्ड नं० ~~१११६~~)

CANTONMENT LABOUR UNION
BAREILLY.

From!-
SATISH GOPAL GURHA
President
Cantt. Labour Union (formerly Cantt. Mehtar Union) Bareilly

Residence:-
121, Kanoongoyan
Bareilly.

सदर बाजार
बरेली 5/12/63

The Secretary.
A. I. T. U. C.
New Delhi

Dear Comrade,

I was in receipt of your letter no 4/51 of 4th July 63 requiring me to clear your dues.

I was surprised to find the name of my union in your records. The union had never applied for affiliation with AITUC and had no link with it organisationally. As a matter of fact we had no affiliation with U.P.T.U.C. even. Our representatives once in 1953 had participated in a U.P.T.U.C. conference at Kanpur and paid a delegate fee also [I do not know how it could happen] although our union never filled any application form of U.P.T.U.C. But those were old days; U.P.T.U.C. was no ~~better~~ more than a cell of Kanpur (CPI) D.C. The persons who paid delegate fee to U.P.T.U.C. in 1953 were Party secretary and a DCM. [none belonged to our union] and one member of our union. I had never a good opinion of U.P.TUC It was a paper organisation then and even now it is no better than that.

We used to call INTUC a bogus organisation and ~~in~~ in our efforts to beat it down we too became equally bogus

and paper organisation. Since we knew all this we always told the Govt. Inspector of T.U.'s (Central) to include our union in the A.I.T.U.C although we could show no affiliation certificate or receipt of AITUC when he demanded. Whenever there was cases of T.U. membership we managed to get 150 or so members added to the camp of AITUC. because politically we supported AITUC. So this has been the state of things all these years. Probably you will find that the only letter written by A.I.T.U.C office to our union during the period you claim your dues (1960–63) is yours of 4th July. As for the U.P.T.U.C. the less said the better. They have specialised in issuing statements and holding their annual conference. We too have a Dist. T.U. Federation which has neither any constitution, membership or executive or office or anything worth the name. Yet if any thing happens its President & Secy come out with a statement and even bring out leaflets. Thanks to the newspapers and publicity media it has become very easy to become a leader than a real mass worker.

So to return to my business I may tell you that I owe nothing

कैन्टूनमेन्ट लेबर यूनियन (रजिस्टर्ड नं० ११९६)

CANTONMENT LABOUR UNION
BAREILLY.

सदर बाजार
बरेली 5/11/63

to the A.I.T.U.C. Even in the movement for the demands of Cantt. Board employees with which I have been connected for the last 11 or 12 years the A.I.T.U.C. has done nothing. Strangely enough other organisations such as All India Cantt. Employees Association have been of greater help than A.I.T.U.C. You might have read in the "Patriot" that its leader Sri O.P. Bakshi of Ambala Cantt has recently been victimised and dismissed from service. I have written all this not just to criticise A.I.T.U.C but to tell you that great majority of workers have still remained outside the influence of A.I.T.U.C and unless you help build active mass T.U.s Com. Dange's prestige & name will not take A.I.T.U.C very far.

We have changed the name of our union from Mehtar Union to Labour Union to enable all type of employees to become its members. Employees of Cantt. Boards and especially its sweepers have a lot of grievances. Their pay (Rs 22/- → 32/- p.m.) is too low. Even the Govt. is practising casteism

by denying the sweepers a basic pay of Rs 30/- which is allowed in every dept. and industry. They have to work for full 8 hours under the rules of Defence ministry. They get 14 half-days as holidays according to U.P. State Govt. rules and in some ways they are guided by local municipal boards also. ~~They~~ Their service conditions are not guided by one authority to whom they can make representations. This is a big anomoly against which they want to fight.

The sweepers are the most exploited class among Cantt. Board employees. They do not get all the holidays that are allowed to other employees of Cantt. Boards. Even on all holidays they have to work for half day in the morning. In lieu of this they do not get any extra payment or leave. This great discrimination is practised against the sweepers while the Govt. professes to remove the untouchability.

We have been looking for some one who could take up these grievances ~~of~~ with State or Union authorities (Defence ministry). I wrote a letter to Com. Ram Asrey about it. He got my letter but did not even acknowledge it. We can have formal affiliation with A.I.T.U.C. & pay its fees etc. provided it can be of some help to us.

We are going to hold a public meeting in support of our union's demands. It will be held in Cantt area. Can Com. S.M. Banerji M.P. or anybody of the A.I.T.U.C. come here to address our meeting? We can bear his expenses also (railways & Bareilly Cantt.) and found I have recently met some of them.

May I expect an early reply.

Fraternally
Greetings. Yours
Satish Gupta
Bareilly

I had fixed the meeting but I shall postpone it for 15th Dec.

S.S.

J. K. RAYON WORKERS' UNION,

Registration No. 2229
(*Affiliated to* A. I. T. U. C.)

G. P. 187/180 Ram Rai Ki Sarai
JAJMAU, KANPUR.

Ref. No. ________ *Dated* 31.12.63

21/12/1963

A. I. T. U. C.
Received 4837 2/1/64

श्रीमान् केन्द्रीय गृह एवं श्रम मंत्री जी
भारत सरकार, न्यू दिल्ली।

सेवा में,

आज दि० २८-१२-६३ को आपका एक भाषण समाचार पत्रों में पढ़ा जिसमें समस्त विवादों को शान्ति मय ढंग से तय कराने का आदेश दिया है, उसका हम लोग हृदय से स्वागत करते हैं। आशा है कि आप हमारी मदद करेंगे। आज लगभग दो वर्षों से हम शान्तिमय ढंग से अपनी मांगों को मांगते आ रहे हैं परन्तु दुर्भाग्य है कि हमारे प्रबन्धक चुप्पी साधे हुए हैं। तथा गैर कानुनी ढंग से मजदूरों को परेशान करते हैं, जिससे मजदूरों मे असन्तोष बढ़ता चला आ रहा है। अपनी मांगों के विषय में हमने तीन नोटिसें जारी की हैं। प्रथम दो नोटिसों में केवल मांगों को मांगा है। तीसरी नोटिस में सीधी कार्यवाही करने का भी जिक्र है। जिसकी प्रतिलिपियां निम्न लोगों के पास भेजी हैं।

१- प्रधान मंत्री:भारत: २- मुख्य मंत्री :उत्तर प्रदेश: ३- श्रम मंत्री :उत्तर प्रदेश:
४- श्रम कमिश्नर :युपी० कानपुर: ५- डायरेक्टर :जे० के० रेयान:

परन्तु फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमारी मांगों को जो कि न्यायोचित हैं। पूरा कराने की कृपा करें। ताकि हम मजदूरों का बढ़ता हुआ असन्तोष कम हो। हमें भी अपने देश पर आये संकट का पूरा ध्यान है। जिसके लिये हम आपको जे० के० रेयान वर्क्स युनियन की तरफ से विश्वास दिलाते हैं कि हमें जो भी कार्य सौंपा जायेगा करेंगे - चाहे ● जो भी कुर्बानी

--- २

J. K. RAYON WORKERS' UNION,

Registration No. 2229
(*Affiliated to* A. I. T. U. C.)

G. P. 187/180 Ram Rai Ki Sarai
JAJMAU, KANPUR.

Ref. No. .... ::२:: *Dated* ....

क्यों न करना पड़े ।

<u>हमारी निम्नलिखित मांगे हैं</u>

१- बोनस १९६१ व १९६२
२- प्रोडक्शन बोनस
३- कोनर एलाउन्स
४- मंहगाई भत्ता
५- स्थायत्व

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप इसकी जांच करा कर हमारी न्यायोचित मांगें । को दिलाने की कृपा करेंगे ।

।।जयहिन्द।।

<u>प्रतिलिपि प्रेषित :-</u>

१- गृह एवं श्रम मंत्री
२- प्रधान मंत्री
३- राष्ट्रपति
४- प्रतिरक्षा मंत्री
५- मुख्य मंत्री यू०पी०
६- श्रम मंत्री यू० पी०
७- राज्यपाल यू०पी०
८- जिलाधीश, कानपुर
९- लेबर कमिश्नर - यू०पी० कानपुर
१०- डायरेक्टर जे०के० रेयान
११- मंत्री आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस

भवदीय-
[signature] 30.XII.63
सेक्रेटरी
जे० के० रेयन वर्कर्स यूनियन, कानपुर

ENGRAVERS UNION.

MORADABAD, (U. P.)

انگریورس یونین مراد آباد

*Ref. No.*________ *Dated*

A. I. T. U. C.
Received 5348 16/1/64
Replied.........................

सेवा मे,

श्रीमान बेनी प्रसाद साहब,

प्रेसीडेन्ट ब्रासवेयर मैनुफैक्चररस् एसोसियेशन, मुरादाबाद ।

श्रीमान जी,

आप जानते ही है कि आज जरूरियात जिंदगी की इस्तेमाल मे आने वालि अशियाये मे पिछले आठ दस साल से लगातार इजाफा हो रहा है और इसी लिये सरकार ही नहीं बल्कि सब ही सनतो मे मंहगाई एलाउन्स और तनख्वाहो मे इजाफा हुआ है, लेकिन बदकिस्मती से स्याह कलम एन्ग्रेवरस् का काम करने वाले मजदूरो की मजदूरियो मे न सिर्फ कोई इजाफा ही नहीं हुआ बल्कि कोई मंहगाई एलाउन्स भी नहीं मिला । इसके बरखिलाफ स्याह कलम एन्ग्रेवरस् के मजदूरो, एन्ग्रेवरस् यूनियन की छपी हुई फहरिस्त के मुताबिक मजदूरियां हासिल करने के लिये जद्दोजहद करते रहे । जब कि आपकी एसोसियेशन ने और उसके मेम्बरान ने बहुत सी मर्तबा इस फहरिस्त को तसलीम किया है और उसके मुताबिक मजदूरियां दी भी गई है लेकिन यह सिलसि हमेशा कायम नहीं रह सका । बहरहाल पिछले कुछ अरसे से यकीनन हमे फहरिस्त के मुताबिक ही मजदूरियां मिल रही है लेकिन आप गौर फरमाइये कि यह बात कहां तक इंसाफ के काबिल है कि आज जब कि १९४७ के मुकाबिले मे कई गुना कीमते बढ़ गई है । किस तरह १९४७ ई० की मजदूरियां लेकर हम अपना और अपने बच्चो का पे भर सकते है और जब कि खास तौर पर यह बात भी काबिले जिक्र है कि हमारी सन दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की ही नहीं कर रही है बल्कि काफी मुनाफा भी दे रह है । ऐसी हालत मे हम आपके सामने अपनी साबिका फहरिस्त मजदूरी पर २५ फीसदी इजाफे के साथ नई फहरिस्त मजदूरी पेश कर रहे है, हमे उम्मीद है कि जनाबवाला व एसोसियेशन इंसाफ के तकाजो को पूरा करते हुये हमारी इस जायज मांग को मंजूर फरमा कर हमे फौरन मुत्तला फरमायेगे । आपके गौर करने और जवाबात के लिये हम काफी तौर पर एक माह का वक्त यानी १५ फरवरी, १९६४ ई० मुकर्रिर कर रहे है हम यह भी वाजे कर देना जरूरी समझते है कि अगर एक माह मे हमारी इस जायज मांग को तसलीम नहीं किया गया तो हम मजबूरन बाद गुजरने १५ फरवरी, १९६४ ई

किसी भी दिन एक हफ्ते के अन्दर अन्दर हड़ताल कर देंगे । इस तरह हड़ताल के दौरान में होने वाले जुम्ला नुकसानात की जिम्मेदारी आपकी होगी ।

प्रार्थी

ता० १५.१.६४ ई०

एम्ब्रोवर्स यूनियन, मुरादाबाद ।

प्रतिलिपि:

१) श्री गुलजारीलाल नंदा लेबर मिनिस्टर सेन्ट्रल गर्व० नई देहली ।

२) श्री मन्नुभाई शाह मिनिस्टर आफ एक्सपोर्ट इम्पोर्ट सेन्ट्रल गर्व० नईदेहली ।

३) डायरेक्टर आफ सेन्ट्रल हेन्डीक्राफ्ट बोर्ड नई देहली ।

४) श्री बनारसी दास लेबर मिनिस्टर उ० प्र० लखनऊ ।

५) श्री सुचेता कृपलानी चीफ मिनिस्टर उ० प्र० लखनऊ ।

६) इन्डस्ट्रीज मिनिस्टर उ० प्र० लखनऊ ।

७) डायरेक्टर आफ इन्डस्ट्रीज उ० प्र० कानपुर ।

८) श्रीमान लेबर कमिश्नर उ० प्र० कानपुर ।

९) असि० लेबर कमिश्नर बरेली ।

१०) असि० रीजनल कन्सीलिएशन आफिसर कमर मंजिल मुरादाबाद ~~स्टेट~~ रोड रामपुर

११) डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट मुरादाबाद ।

१२) लेबर इंस्पेक्टर मुरादाबाद

१३) यू० पी० ट्रेड यूनियन कांग्रेस ग्वालटोली कानपुर ।

१४) आल इंडिया ट्रेड यूनियन्स कांग्रेस झंडेवाला नई देहली ।

جنرل سکریٹری
انگریورس یونین مرادآباد

१० / 92 / २८/१/६४

28/1/1964

बोनस की देरी क्यूँ

— ४ —

श्री मंत्री जी

[illegible] ट्रेड यूनियन [illegible]

गंज बासोदा,

१-८-६३ [illegible] मिल गंज बासोदा सन् १९६०, ६१, दोनों ही वर्षों के बोनस की वाजिब मांग पर अभी तक ध्यान न दिया जाकर फैसला प्रकाशित नहीं किया है, मालिक मील ने १९६२ में यह मानते हुवे, आश्वासन दिया था, कि दोनों ही वर्षों का बोनस १९६२ माह अक्टूबर में पेमेन्ट कर दिया जावेगा, किन्तु ऐसा न करते हुवे, उसके विपरीत में उल्टा किया कि पार्टनरों को ६०, ६१ का मुनाफा पेमेन्ट कर दिया, तथा मालिक मील हर समय ही यह चर्चा करते हैं, कि मील को घाटा रहा है किन्तु ऐसा गलत है, इन पिछले वर्षों में मालों में ऐसा कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ था, और ना मील का पेशा आता रहा, ऐसा आदी है, उसके विपरीत मालिक मील ने सन् १९६१ में लगभग बंदी करके चार मजदूरों का काम एक ही मजदूर से लिया जो कि मालिक की मनमानी रही है। तथा गरीब कार्मिक जिन्होंने अपने गाढे पसीने की मेहनत से मील का मुनाफा कराया, उन्हें बोनस अभी तक नहीं दिया गया है।

२ बोनस का फैसला शीघ्र हो। — मजदूर तथा कार्मिकों ने बोनस की मांग तथा अन्य और भी ११ मांगों इस तरह १२ मांगों कन्सिलेशन ऑफिसर भोपाल के रिकार्ड में हैं। जो कि हाल में ही उस कार्यालय द्वारा मंजूर जा चुकी हैं। किन्तु मील मालिक एवं मैनेजर की अन्य शरारतों के कारण बोनस में हेर-फेर किया जा रहा है, अतएव शासन एवं मील मालिक शीघ्र ही कुल मांगों पर अपना निर्णय प्रकाशित करा कर बोनस पेमेन्ट करावें, मैं उस कार्यालय की ओर से आशा रखते हुवे निवेदन करता हूँ, कि दिनांक ४ २/६४ तक अन्दर म्याद ही होने तक बोनस पेमेन्ट कर दिया जावे, यदि अन्दर म्याद बोनस पेमेन्ट न किया गया, तो बाद गुजरने म्याद सभा के प्रेसीडेन्ट अथवा उनकी पत्नी को मील गेट पर अनशन ~~[illegible]~~ करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी व जवाबदारी शासन एवं मील मालिक पर होगी, मुताबिक नियम २४, ५ [illegible] शान्त भूख हड़ताल भी रखी जावे।

धन्यवाद!

१ श्री ऑफिसर [illegible]
कन्सिलेशन भोपाल

२ " [illegible]
भोपाल P. T.

[illegible]
२८-१-६४

[illegible] मिल्स [illegible]
[illegible] बासोदा

3 श्री जिलाधीश महो०
इन्दौर,

4 " सुपरिटेंडेंट ऑफ
पुलिस इन्दौर

5 " रजिस्ट्रार ऑफ ट्रेड यूनियन्स
इन्दौर

6 " मं० म०प्र० [illegible] कांग्रेस
इन्दौर

7 " [illegible]
आर्गनाइजेशन ऑफ ट्रेड यूनियन्स
रानी झांसी रोड नई दिल्ली – 1

8 " डिप्टी लेबर कमिश्नर
[illegible] इन्दौर,

9 " श्री प्रधानमंत्री ट्रेड यूनियन
[illegible] मध्यप्रदेश भोपाल

नं. 6ख सुचेतापुरी, मोदीनगर।
ता. 28.1.64.

5615 — 31/1/64.

आदर्णीय का० K.G. नमस्ते।

उम्मीद है आप की सेहत सलामत होगी। वैसे आप मुझे नहीं जानते पर आदर्णीय का सतीश लुम्बा और ~~का.~~ सम्माननीय का. डाँगे से मेरे इस पत्र पर विचार करेंगे तो वह आप को बतलावेंगे। निवेदन है कि मैंने मे० पार्टी के गढ़ मुक्तेश्वर, त० हापुड़ के क्षेत्र में काम किया था। मैं T.B. से पीड़ित था चुनांनचह रीलैप्स हो गई। फिर मैंने सेनेटोरियम में चिकित्सा कराई। मैं ठीक हो गया। इस बीच में स्वस्थ था गाजियाबाद के का० जगत प्रकाश जी का. रामआसरे के साथ सम्माननीय का. डांगे के पास उत्तर० गेट मार्च के सिलसिले में रिपोर्टिंग देने गये। ~~का. डांगे~~ सम्माननीय का. डाँगे ने कहा मोदीनगर के सिलसिले में क्या हो रहा है। का. जगत प्रकाश जी ने मुझ से कहा कि तुम मोदीनगर में काम जमावो। इस से पहिले ~~का. डाँगे~~ सम्माननीय का. डांगे जब भी मोदीनगर हो कर गुजरे, उन्होंने कहा मोदी नगर में A.I.T.U.C का काम न होने ~~के~~ कारण, मोदी की चिमनियों से मेरा दम घुटने लगता है और कहा कि यहाँ के होलटाइमर के लिए हम व्यवस्था करेंगे। ऐसे का. जगत प्रकाश जी के कहने पर काम प्रारम्भ यहाँ के छोटे छोटे कारखानों में गाजियाबाद आयरन एण्ड स्टीलवर्क्स एसोसियेशन के नाम से प्रारम्भ किया गया जो कि काम अभी प्रारम्भिक दिनों में है। मोदीनगर में काम प्रारम्भ होने से पूर्व मैं का. बी. डी. जोशी से मिला था जो कि मोदीनगर के टैक्सटाइल मजदूरों में बड़े ही लोकप्रिय हैं और आदर्णीय सतीश लुम्बा जी से भी मिला था।

फिर एक मीटिंग ~~का~~ नैनीताल जिले में सम्माननीय
का. डांगे जी के निवासस्थान पर, उन्हीं की आज्ञा से बुलवाई
गई थी जिसमें का. आसरे का. शुक्ला का. बी.डी. जोशी
व मोदीनगर के मज़दूर तथा मैं थे। अन्त में मीटिंग
किसी परिणाम पर नहीं पहुँची क्यूँ कि सम्माननीय का.
डांगे बहुत बिज़ी थे का. शुक्ला क्यूँ कि उन दिनों
महामान्य का. A.K.G का कमेटी सम्बन्धी प्रश्नों
पर National council की बैठक हो रही थी।
का. बी.डी. जोशी ने कहा था, गर A.I.T.U.C. मेरी
ड्यूटी मोदीनगर लगावे तो मैं मोदीनगर का काम
सम्भाल लूँगा और हफ्ते में दो दिन तथा ज़रूरत पर
मोदीनगर में रहूँगा। ~~यही~~ ~~U.P. Party~~ मुझ से कहे
तो भी मैं मोदीनगर का सुपरविज़न अपने हाथ में
ले लूँगा। चुनांचह, मैंने का. शुक्ला से का. बी.डी.
को एक पत्र लिखवा दिया और का. बी.डी. ने काम
जोड़ने के लिए कहा। का. बी.डी. की इच्छा पर एक
मीटिंग रखी वह नहीं आये लोग बड़े निराश हुए। मैंने
का. बी.डी. जोशी से कहा क्या साहिब बिसमिल्ला ही
ग़लत हो गयी। इस पर फरमाया का. राम आसरे ने आने
और साथ चलने का वायदा कर लिया था, इस कारण मैं न
आ सका। मैंने यहाँ पर छोटे छोटे कारखानों में काम
प्रारम्भ कर दिया है। मैं फिर का. बी.डी. जोशी के
पास गया, उन्होंने कहा मैं 12.1.64 को आऊँगा

और उस दिन जलसा रखा । फिर मैं A.I.T.U.C. के
दफ्तर गया और आदरणीय का. सतीश लूम्बा जी से मिला
और 12.1.64 को आने का वचन दिया । इश्तिहार
छपे लाउडस्पीकर पर प्रचार किया गया । मीटिंग
में हजारों लोग आये फिर शाम को कोई नहीं आये
लोग बड़े निराश हुए । मैंने भाषण दिया और लोगों
से कहा दिल्ली में बहुत जरूरी काम होने के कारण
नहीं आये टैलीफून पर अभी अभी इत्तला आई है ।
दूसरे दिन मोदी के प्रचार विभाग ने मजदूरों में
अफवाह फैलाई कि आदरणीय का. सतीश लूम्बा
और का. पी.सी. जोशी को मोदी ने पचास पचास
हजार रुपये भेज कर आना रोक दिया । बड़ा
धर्म संकट का सामना । कल 26.1.64 व 27.1.64
को का. पी.सी. से मिला उन्होंने कहा मैं का. राम आसरे
के इन्तजार में था, वह नहीं आये तो मैं नहीं आया ।
उन्होंने कहा कि मोदीनगर के सिलसिले में का. आसरे
को लिखूँगा और मिलेंगे तो बातचीत करूँगा । का.
जोशी कहते हैं मुझे पूरी जिम्मेदारी पर मोदीनगर का काम
दिया जाय फिर मैं Trade union की तरह तैयार
करूँगा । पर काम तो प्रारम्भ हो चुका है और
मोदीनग[illegible] में पता चल गया है अब कम्युनिस्ट
आगये हैं । कम्युनिस्ट और A.I.T.U.C. में मजदूरों

भी बड़ा मुद्दा है और मजदूर कहते हैं कि मोदी के जेल जाने से यहाँ पार्टियाँ आजाद हो जावेंगी।

का. जोशी का विचार है कि का. बन्तासिंह जी को मोदीनगर में रख दिया जावे। का. बन्तासिंह जी मोदीनगर में ~~बड़े मशहूर हैं~~ टैक्सटाइल मजदूरों में ~~यानि~~ ~~बड़े~~ लोकप्रिय हैं। उम्मीद है का. बन्तासिंह जी यहाँ के लिए राजी भी होंगे। मोदीनगर की हालत बड़ी ही खराब है, यहाँ मोदी का पूरा राज है - कोई जिम्मेदार और ~~मश~~ मशहूर नेता को काम चलाना बड़ा कठिन काम ~~ही नहीं~~ है। ~~चुनांच~~ मोदी हर हथकंडे इस्तैमाल करेगा। और योजना बनाने में अभी से लग गया है कि यहाँ पर कम्युनिस्टों का काम न हो। चुनांचह आप जो प्रार्थना है कि जल्दी से जल्दी यू.पी. के नेतागण आप व का. पी.सी. जोशी व का. बन्तासिंह जी के साथ मिल बैठ कर मोदीनगर पर विचार कर एक पालिसी तय करें और पालिसी के तहत प्रोग्राम पर अमल किया जाय। ~~और~~ उम्मीद है का. सतीश लूम्बा पंजाब से आगये होंगे, उन्हें मेरा नमस्ते कहियेगा।

पर मुझे पूरा विश्वास है श्री का. बी.डी. जोशी और का. बन्नागिरि की मोदीनगर के ट्रेड यूनियन तहरीक में इनका नेतृत्व सफल होगा। यह यहाँ के मजदूरों में बहुत ही लोकप्रिय हैं। आप (AITUC) से प्रार्थना है कि इन दोनों के जिम्मे मोदीनगर को यू.पी. के नेता गणों की तरफ से सुपुर्द कर दें। ~~[illegible]~~ यही मेरी अन्त में प्रार्थना है।

आप का सेवक

हरिशंकर शर्मा

नोट — पत्र का उत्तर का शीघ्र दीजे।

Address

Harishanker Sharma
c/o Comrade Gopal
60Kh (६०ख) Suchitrapuri
Modinagar
U.P.

अन्डर पोस्टल सार्टीफिकेट

16/1/1964

कानपुर। जनवरी १६,१९६४ ई०।

श्री मान् मन्त्री जी,

~~आल इन्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस,~~
~~रानी झांसी रोड, नई दिल्ली।~~

A. I. T. U. C.
Received 5423 18/1/64
Replied

प्रिय साथी,

जैसा कि पिछले सरकुलर द्वारा आपको सलाह दी गई थी कि हैदराबाद में होने वाली आल इण्डिया मेटल एण्ड इंजीनियरिंग कान्फ्रेन्स में आपकी यूनियन से प्रतिनिधि अवश्य जाना चाहिये। हैदराबाद में कान्फ्रेन्स तारीख १ व २ फरवरी, १९६४ को हो रही है, जिसमें १०० सदस्य तक वाली यूनियन का एक डैलीगेट ~~जिसका रु० न दर्शक~~ हो सकेगा और एक दर्शक भी हो सकेगा। डैलीगेट की २)रु० व दर्शक की १)रु० फीस होगी। बम्बई कान्फ्रेन्स के बाद यह कान्फ्रेन्स बहुत ही महत्व रखती है और उसमें महत्व पूर्ण फैसले भी होगें।

आशा है कि आपकी यूनियन की ओर से बम्बई कान्फ्रेन्स के फैसलों के आधार पर काम हो रहा होगा और आपकी यूनियन से हैदराबाद की कान्फ्रेन्स में प्रतिनिधि अवश्य पहुंचेगें।

फैडरेशन की ओर ~~कम~~ से ता० ७-१-६४ को एक प्रतिनिधि मण्डल श्री बी०पी० जोशी, श्रमि सचिव, यू०पी०सरकार से लखनऊ में मिला और उन्हें एक मेमोरन्डम दिया, जिसमें इस बात की मांग की गई कि यू०पी०में आयरन स्टील तथा इंजीनियरिंग उद्योग में लगे हुये श्रमिकों के वास्ते वेजु वोर्ड तुरन्त किया जाय। श्रम सचिव ने जवाब दिया कि अगर केन्द्रीय सरकार यू०पी० को वेजु वोर्ड में नहीं शामिल करेगी तो हम यू०पी० के लिये अलग ~~स~~ वेजु वोर्ड दे देगें।

साथियों, जरुरत और जोर लगाने की है।

आपका साथी,
Nizamuddin
(निज़ाम उद्दीन)प्र० मन्त्री,
यू०पी०मेटल एण्ड इंजीनियरिंग वर्कर्स फैडरेशन,
१३१।३५८, रसनगंज-बेगमपुरवा, कानपुर -११

Com. K.G.S.,

we received the circular Nos. 1, 2 & 3, but you have written in the circular No. 2, In U.P., A Textile conference is being held in Kanpur on 18-19 Jan. 64. This is incorrect, because that is not the conference of Textile only. The conference is for all Trade, which was being held on said date, but it is postponed for 8-9 Feb. 64.

Please tell me one thing that is there any announcement or decision by the central Govt. that the states Govts. are free to set up wage board or committee for Iron-steel or Engg. workers, those are not covered by the Iron-steel wage board of India. If so, what is the announcement or decision and when it has taken place? If not, then how the other states are fixing the wages for Iron-steel & Engg. workers?

yours
[illegible]uddin

U.C.P.

अन्तर्देशीय पत्र
INLAND LETTER

POSTAGE 10 nP INDIA

Com. K.G. Srivastava,
Secretary,
All India Trade Union Congress,
Rani Jhansi Road,
New Delhi

First fold

पहला मोड़

तीसरा मोड़ Third fold

दूसरा मोड़ Second fold

भेजने वाले का नाम और पता :- Sender's name and address :-

NIZAMUDDIN.
131/358, Hasanganj,
Kanpur - 11

इस पत्र के अन्दर कुछ [illegible] NO ENCLOSURES ALLOWED

TEXTILE MAZDOOR UNION,
84, Paltan Bazar,
Dehra Dun,
25/1/64.

5608 31/1/64

Com. Secretary,
AITUC, New Delhi.

Subject : Verification of Union's membership.

Dear Com.,

Mr. N.C. Nautiyal, Conciliation Officer (CENTRAL), completed the verification of the membership of our Union yesterday. He was very appreciative of the records of our Union. We believe the enquiry went well.

However, Mr. Nautiyal has cancelled 50 of the members shown by us. We asked from him the reason therefor and he informed us that he had done so in accordance with the rules of verification laid down by the Labour Conference. The rule in this respect, he says is that only those members shall be taken into account who have paid at least three months subscription during the second half of the year in question. And so all members enrolled by us in February and March 63 have been cancelled by him, because they have been members only for one or two months.

We are sending you this information, because we think that this cancellation is not justified. The Constitution of our Union provides for a monthly subsription and any one who pays the required admission fee and the membership subsc. for the month in which he becomes a member is a bona fide member. So it is not understandable why all the 50 members who became members in February or March 63 should not be taken into account.

If it is possible, please get these 50 members also included in the membership verification and let us know of the same.

With greetings,

Yours fraternally

(Mela Ram),
Secretary.

3 Feb 64

Secretary,
Textile Mazdoor Union,
Dehra Dun

Dear Comrade,

Thank you for your letter of 25th Jan.

The verification of membership is being carried on as per the 'stupulated principle' that membership is to be counted on the basis of three-months' subscription during the concluding six months of the year. This had been explained to the State TUCs and unions in connection with the previous verification itself.

With greetings,

Yours fraternally,

(K.G.Sriwastava)
Secretary

मंहगाई-विरोधी संघर्ष-समिति
लखनऊ

३ फरवरी, १९६४

3/2/1964

उत्तर प्रदेश में स्थित
ट्रेड यूनियनों के नाम पत्र
मंगाई-विरोधी राज्य सम्मेलन के सम्बन्ध में

श्री .....

प्रिय मित्र,

मंहगाई-विरोधी संघर्ष-समिति ने २२, २३ फरवरी को लखनऊ में मंहगाई-विरोधी राज्य-सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। आप से अनुरोध है कि अपनी यूनियन के प्रतिनिधि भेज कर सम्मेलन में सम्मिलित हों और मूल्य-वृद्धि तथा उसके फलस्वरूप वास्तविक वेतन में कटौती के खिलाफ़ मज़दूर वर्ग का व्यापक एका क़ायम करने में योगदान करें।

लखनऊ की स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने मूल्य-वृद्धि और वास्तविक वेतन में कटौती के खिलाफ़ आन्दोलन संगठित करने के लिये मंहगाई-विरोधी संघर्ष-समिति का निर्माण किया। इसमें यू० पी० बैंक एम्प्लाइज़ यूनियन लखनऊ, लखनऊ डिवीज़न इन्श्योरेन्स एम्प्लाइज़ ऐसोशिएशन, इंजीनियरिंग वर्कर्स यूनियन, यू. पी. वाटर वर्क्स एम्प्लाइज़ यूनियन, यू. पी. बिजली कर्मचारी संघ, टेक्स्टाइल वर्कर्स यूनियन, लखनऊ मज़दूर सभा, यू. पी. केमिकल एम्प्लाइज़ यूनियन, आरा मशीन दूर यूनियन, यू. पी. प्रेस वर्कर्स यूनियन, रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया 'डी' क्लास एम्प्लाइज़ यूनियन, हास्पिटल एम्प्लाइज़ यूनियन, बाटा एम्प्लाइज़ यूनियन, मोटर मज़दूर यूनियन, महात्मा गांधी ऐण्ड ऐसोशिएटेड हास्पिटल कर्मचारी संघ और रिज़र्व बैंक आफ़ इण्डिया एम्प्लाइज़ ऐसोशिएशन सम्मिलित हैं और हमारा प्रयास है कि अन्य स्थानीय ट्रेड यूनियनों का भी सहयोग शीघ्रातिशीघ्र हासिल किया जाये।

संघर्ष-समिति ने गत १३ जनवरी को लखनऊ डिवीज़न के कमिश्नर के निवास स्थान पर ट्रेड यूनियनों का संयुक्त प्रदर्शन किया और मांग-पत्र दिया।

गत ~~फ़रवरी~~ में मूल्य-वृद्धि तथा वास्तविक वेतन में कटौती के खिलाफ़ राज्य में अनेकों प्रदर्शन हुये हैं जिनमें मांग की गई है कि अनाज तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की क़ीमतें कम की जायें, मंहगाई-भत्ता उपभोक्ता मूल्य निर्देशांक से जोड़ा जाये, बनावटी और ग़लत निर्देशांक सुधारे जायें, फ़ौरी सहायता के रूपमें निजी तथा राजकीय क्षेत्रके कर्मचारियों

P. T. O.

के वेतन में २५ प्रतिशत वृद्धि की जाये, एक माह का वेतन निम्नतम बोनस के रूप में दिया जाये, जिन प्रतिष्ठानों में १०० आदमी काम करते हैं, वहां सस्ती दूकानें खोली जायें, बैंकों, जनरल इन्श्योरेन्स, विदेशी व्यापार तथा तेल और चीनी उद्योगों का राष्ट्रीकरण किया जाये।

प्रदर्शनों के अतिरिक्त वाराणसी, आगरा और मेरठ में ट्रेड यूनियनों के सफल क्षेत्रीय सम्मेलन हुये हैं। कानपुर में फरवरी के प्रथम सप्ताह में एक सम्मेलन होने जा रहा है।

मंहगाई के भार से मेहनतकश जनता परेशान है। फसल के मौके पर १३-१४ रुपये मन खरीदा हुआ गेहूं इस समय २७-२८ रुपये मन बेचा जा रहा है। गल्ले के इजारेदार व्यापारी, जिन्हें बैंकों का समर्थन हासिल है, इस प्रकार किसान और उपभोक्ता दोनों को लूट रहे हैं। इस दोहरी लूट के खिलाफ मेहनतकश जनता ने मोर्चा जमाया है और अपने हितों की रक्षा के साथ ही किसानों के हितों की रक्षा के लिए मांग की है कि उसकी उपज का निम्नतम मूल्य निश्चित किया जाये और किसानों की आवश्यकता की वस्तुएँ सस्ते दाम पर उपलब्ध की जायें।

मूल्य-वृद्धि के खिलाफ़ मज़दूर वर्ग के आन्दोलन का विस्तार देख कर, मंहगाई-विरोधी संघर्ष समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यदि राज्य में स्थित सभी ट्रेड यूनियनों को राजधानी में एकत्र किया जाये तो हम मूल्य-वृद्धि तथा वास्तविक वेतन में कटौती से सम्बन्धित मांगों को प्रभावशाली ढंग से पेश कर सकेंगे और ट्रेड यूनियनों तथा मज़दूर वर्ग का मंहगाई-विरोधी व्यापक एका क़ायम कर सकेंगे। इसी लक्ष्य को सामने रख कर हम यह सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं और राज्य में स्थित सभी ट्रेड यूनियनों को आमन्त्रित कर रहे हैं। सम्मेलन के कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना हम अगले पत्र में भेजेंगे।

हम आशा और विश्वास करते हैं कि आपकी यूनियन का समर्थन और सहयोग हमें मिलेगा और आपकी यूनियन के प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे।

साभिवादन

आपका

हरीश तिवारी

संयोजक

पता :

C/o यू० पी० बैंक एम्प्लाइज़ यूनियन

रेडगेट, गोलागंज

लखनऊ

मुद्रक : अधिकार प्रेस, २२ कैसरबाग, लखनऊ

Copy

श्रीमान मैनेजर साहब!
आई० एम० एस० कं० प्रा० लिमिटेड,
गिरिडीह

2/5/1964

महाशय!

एतवारी पैसा और २६ जनवरी के पैसा के विषय में मैनेजमेन्ट और हम मजदूरों के बीच पैदा हुए विवाद के विषय में हम मजदूरों का निवेदन है कि:—

(१) हफ्ते में ६ दिन काम करने से ७ वें दिन का यानी एतवार का पैसा हम मजदूरों को मिलता है। इसलिये जो मजदूर विवादग्रस्त हफ्ते में ६ दिन काम किये हैं उनको ७ वें दिन का यानी एतवार का पैसा पाने का हक है और वह हम मजदूरों को मिलना चाहिये।

(२) उसी हफ्ते में २६ जनवरी पड़ा और सरकारी घोषणा के अनुसार हम मजदूरों को उस दिन का पैसा पाने का भी हक है। अतएव यह भी हमें मिलना चाहिये।

(३) चूंकि २६ जनवरी एतवार को पड़ा इसलिये मैनेजमेंट २६ जनवरी और एतवारी छुट्टी के लिये सिर्फ एक ही दिन का पैसा देना चाहते हैं। यह सरकारी घोषणा के बिल्कुल खिलाफ है। बिहार सरकार, श्रम एवं नियोजन विभाग की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक ११ जनवरी १९६४ में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि — "सरकार यह आशा करती है कि सदा की तरह नियोजक इस दिन को अतिरिक्त सवेतन छुट्टी मान लेंगे और इसे किसी दूसरी छुट्टी के बदले की छुट्टी नहीं समझेंगे"। यह विज्ञप्ति आपको सरकार के ज्ञापांक २/एफ १-१०१/६४ श्र० नि० - ४४३ दिनांक ११ जनवरी ६४ के जरिये मिली होगी। इसलिये हम मजदूरों को २६ जनवरी और एतवारी छुट्टी के लिये अलग-अलग और दो दिन का पैसा मिलना चाहिये।

(४) दूसरी बात है कि मैनेजमेंट २६ जनवरी का पैसा केवल उन मजदूरों को देने को राजी है जो उसके आगे-पीछे यानी २५ और २७ जनवरी को भी काम पर हाजिर हों। यह भी नाजायज है चूंकि त्रिदलीय सम्मेलन, दिल्ली में यह बात तय हो चुकी है कि जिस हफ्ते में कोई छुट्टी पड़ती हो उस हफ्ते में जो मजदूर एक दिन भी काम पर हाजिर होगा उसे छुट्टी का पैसा पाने का हक होगा। इसलिये २६ जनवरी का पैसा सभी मजदूरों को दिया जाय।

(५) चूंकि हम मजदूरों की ओर से चार दिनों तक माँग करते रहने पर भी मैनेजमेन्ट उपरोक्त जायज बातों को मानने के लिये तैयार नहीं है इसलिये हम मजदूर इस विवाद को फैसले के लिये सरकार को सुपुर्द करते हैं और फैसला होने तक उपरोक्त विरोध के साथ हमलोग हमा का पैसा लेते हैं।

ता० ५-२-१९६४ ई०

निवेदक —

दशरथराम J-6

मोतीराय J-नाइ

म० समी

उचित कार्रवाई के लिये प्रतिलिपि भेजी जाती है:—

(१) लेबर ऑफिसर, गिरिडीह।
(२) मंत्री, बिहार माइका मजदूर संगठन, गिरिडीह।
(३) लेबर कमिश्नर, पटना।
(४) फैक्ट्री इन्सपेक्टर, गिरिडीह।
(५) ए० आई० टी० यू० सी०, दिल्ली।

2
52
152

Kanpur.
29-2-64

Dear Comrade Satish,

Thanks for Circular No. 1/64 and I Congratulate you and your colleagues for bringing out Federation News (bulletin). I hope it will continue successfully and will be developed from cyclostyled to into printed one.

According to our Federation's decission I am sending the sum of Rs. 10-00 for fighting fund as first instalement by M.O.

I and 20 workers of Kanpur Engineering industry went on hunger strike in factory area of Kanpur and we successfully completed first phase and further we preparing for 7th. March 64, Second Phase, and also enrolling volunteers for Satyagrah on 6th. April 64 before Parliament, Third Phase, according the decission of All India Campaign Committee.

At Kanpur a Convention, organised by 28 trade Unions of Kanpur, was held on 22nd of Feb. 1964 against rising prices, reduction in prices and taxes, for increase wages and earnings, linking of D.A. with cost of living index and cent per cent nutralisation, bonus and nationalisation of Banks, oil Companies and import-export business etc. The Convention was inaugrated by Com. S. A. Dange.

At Lucknow an anti dearness Provincial Conference was held on 22nd and 23rd of Feb. 64 on the Same issues, in which the L.I.C., Bank and other Unions and federations also took part. our Engineering delegation was the single biggest delegation in the Provincial Conference.

Further, we are preparing for our Provincial U.P. Metal and Engineering Conference.

Yours Comradely
[signature] Gen. Sec.

Iron & Engineering Workers Union
131/358 BEGAM PURWA
KANPUR.

K.
Bl. Spn on Separate list for Fed. of Eng. + metal
Sp. 1/3

20 February 1964

Dear Comrade Harish,

Your letter of 12th February. Com. Asrey wrang me day before. These dates seem to be very busy dates. Specially because of National Campaign programme comrades want to be at their own centre on 22nd which is the last day of hunger strike.

I have contacted a lot of people viz. Indrajit Gupta, Ranen Sen, Indulal Yagnik, P. Rama Murthy, Prabhatkar, Dr. Mishra and M. Elias and found them all busy. I am still trying and if can get some one will inform you telegraphically.

Com. S.M.Banerjee is not here since the last one week and is neither expected till at least 24th. You have to contact him at Kanpur.

Messeges have already been sent to Com. Parwana. But I am still awaiting his confirmation. No sooner I get it I will inform you.

With greetings,

Yours fraternally,

(K.C.Sriwastava)

24191

RAMNIVAS

Motinagar, lucknow.
12. 2. 64

14/2/64

My dear K. G.

We have finally decided to hold the conference on February 22 and 23. The demonstration planned by the party has been postponed to March 9. Kanpur comrades will hold a rally on February 23 in the evening but they will send delegates for the conference.

There are difficulties. Sec. 144 has been clamped down in LKO and in most of the districts of U.P.. However, to postpone the conference may mean abandoning it. We will try to mobilise delegates from AITUC affiliated unions throughout the state and representatives of UPBEU, IEA and UPWJU will attend.

The preparatory committee decided to invite Com. Dange to inaugurate the conference. I have sent the invitation but I realise that it will be very difficult for him to spare time. You are already booked for Bhilai. Now who can come ? Can Com. Indra Jeet come for the conference ? Please try if he can. We should have atleast one from the AITUC. I am sending an invitation to him.

Second thing is that you should ensure that Com. Parwana comes for the conference. He will be helpful for the conference as a whole but particularly for the bank and insurance employees and the Newspaper Printing Press workers and the Working Journalists inview of the 2nd. Pay Commission.

Thirdly please secure for our conference some messages.

Fourthly pusuade Com. Bannerji to come for the conference.He may go to Kanpur on Sunday afternoon.

And please send your suggestions for the conference.

With greetings,

yours,

Hamid Tumani

18 February 64

Dear Comrade Harbans Singh,

Thanks for yours of 15th February to Com. Dange. I hope you have already been informed that he is visiting Kanpur for a day on 22nd to attend the local conference.

With greetings,

Yours fraternally,

for(K.G.Sriwastava)

15.2.64

7 Narayani Dharamsala
CPI Office
Parade, Kanpur

Dear com Dange,

I issued leaflets, posters, and press handouts about your coming to Kanpur only after getting the OK from com KSS. Now I learn from com KSS that you may not come. It is difficult to describe the tragedy and how heart broken I feel. I repeatedly announced your name and postponed the conference to suit your convenience, and each time after consulting you. After all what did I do to deserve this punishment?

I know that our dates clash with the UP convention. I argued with com RA and Harish that the State convention should be postponed and UP TUC should see that in each district the 3 day hunger strike is observed and marchers to LKO for the 24th Feb be prepared. Although LKO march has now been postponed but the hunger strike decision remains.

We are observing hunger strike from 20th Feb before each gate. The hunger strike decision was pooh-poohed but we shall see that it is implemented. Kanpur convention was never taken seriously, I also agreed for postponement only to suit your convenience. We first fixed the dates as 28, 29 Dec, then 5-6 Jan, later 17-18 Jan then 8-9 Feb, and finally 22-23 Feb which we announced after getting the OK from com KSS. Can we postpone it any further? We tried our best to explain our situation that in view of the

hunger strike and repeated postponement it was impossible to postpone any further. ~~B~~ But unfortunately our convention is being opposed in the name of State Convention. I am convinced that in view of the hunger strike, and the difficult situation of Kanpur (after all Kanpur is worth a special attention) the State convention should have been postponed. But no! we have to be proved to be the saboteurs of State convention. And therefore Com Dange has to be influenced not to come to Kanpur.

Com Dange I may be wrong in my reasoning, ~~but~~ for I am really depressed. The whole thing while ~~being~~ becoming a tragedy for Kanpur, to a certain extent has become ~~per~~ personal tragedy as well. After all I got the conference repeatedly postponed only to suit your presence here. And now the convention will have to be held, as it seems, without you. Is it really just?

Greetings

Comradely yours

Harbans Singh

मोतीलाल आचार्य, कन्ट्रेक्टर,
प्रतापगढ़ (राजस्थान) जिला चित्तौड़गढ़

A. I. T. U. C.
Received 6613 ..... 25/3/64
...ited ....

दिनांक मार्च ७, १९६४

सेवा मे,

श्रीमान् जनरल सेक्रेटरी, आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस

विषय :- आपके साथ मे अनेक संगठनों को सम्मिलित करने हेतु ।

प्रिय बंधु ,

उक्त विषय मे विदित हो कि मेरे पास अनेक स्थाई व अखिल भारतीय स्तर के संघ अच्छे विचार वाली संस्था व उचित प्रतिनिधित्व करने वाले साथी से मिलकर अपना गौरव बढ़ाना चाहते हैं, इसलिये इसके संदर्भ मे आपसे निवेदन है कि आप अपने संघ के विधान एवं कार्य प्रणाली मय अपने विचारों के जितना भी साहित्य उपलब्ध हो शीघ्र भेजकर मार्ग दर्शक बनने की कृपा करें क्योंकि विभागीय आधार पर केन्द्रीय सरकार पुनः मान्यता के प्रश्न पर विचार कर रही है जैसा कि सर्व विदित है। ताकि वार्षिक अधिवेशन आपके विचारों के साथ व आपकी अध्यक्षता मे करने को घोषित किया जाने की प्रारम्भिक कार्यवाही को मेरे विचारों का प्रकाश दे सकूँ कि भविष्य मे हमारे संघ आपके विचारों के साथ रहें । क्योंकि अभी तक येह संगठन किसी से भी सम्बन्धित नहीं हैं ।

आशा है कि आप मुझे सही निर्णय करने मे सहायक होंगे जिससे येह सब संगठन जो जिनके अन्तर्गत हजारों व्यक्ति हैं आपके साथी बनकर अपनी कार्यक्षमता आपके सहयोग से प्रकट कर सकें । और मै उनके लिए सही निर्णायक सिद्ध हो सकूँ ।

आपके विचारों से सहमत होने की आशा के साथ ,

आपका ही
मोतीलाल आचार्य
(मोतीलाल आचार्य)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

-गांधी- संबंधित संगठनों को ।

A.I.T.U.C.
6478 18/3/64

PRESS COMMUNIQUE.

Dehra Dun 14.3.64.- The Central & State Govt. employees of Dehra Dun observed the DEMANDS DAY to-day by taking out a mile long procession which paraded through the main streets of the City raising slogans.

The procession converged into a meeting of about 5,000 at the Clock Tower Park which was presided over by Shri NITAI GHOSH-.

The meeting demanded effective steps to check prices, revision of cost of living index, relief from tax burden, upgrading of Dehra Dun city to'B' class increased Dearness Allowance, 30% increase in the pay of State Govt. employees, minimum pay of Rs.65/- p.m. to the Provincial P.W.D.Staff, abolition of Muster Roll system, Union representation, without any restriction on outsider, in the Joint Consultative Councils and Recognition of all Unions according to the Code of Discipline.

The Demands were supported in the meeting by Sarba Shri Brijendra Kumar(AITUC), Aamar Nath Anand(UTUC), Saradhu Ram(U.P.BANK Employees' Association), S.D.Mehta (L.I.C.Employees' Union) and S.N.Bacheti(P & T Employees' Union).

Sarba Shri Kalota, B.P.Sharma, R.S.Singh, K.L.Dutt, C.M.Lakhera, Hans Raj, Beni Prasad of the United Demands Day Committee addressed the meeting.

Sarba Shri Tejendra Singh, G.B.R.Dhiman, Durga Prasad, Kotwal Singh,Kripal Singh,Beant Lal read poems fitting to the Day.

Shri Nitai Ghosh in his presidential address said that to-day every person is to pay 10 nP in every rupee as taxes. He pleaded for relief in Indirect Taxes on commodities of daily necessities, effective check on tax evasion, linking of D.A. with cost of living Index which reached 138 points in November, 1963. The present increase in D.A. of Rs.2/- and Rs.5/- neutralises dearness only upto 125 points which reached in November, 1961. He also pleaded for revision in the rate of D.A. after every six months in respect of rise of 5 points for a period of 3 months. He also urged on the Govt. to pay Hill allowance to the Govt. employees stationed at Dehra Dun since it is a hill city in all respect.

On account of imposition of Sec.144 in the City and over time in order to step up the defence production, the Demands Day could not be oserved on 12th March, 1964. The Defence employees of ordnance factory, Defence Instrument employees and others have, however, observed the Day by wearing badges on 12th, and a mass meeting was held in the evening at Raipur which was addressed by other leaders of the Central Govt. employees unions.

Nitai Ghosh 16/3.

(NITAI GHOSH), SECRETARY,
UNITED DEMANDS DAY COMMITTEE OF THE
STATE & CENTRAL GOVT. EMPLOYEES.

Shri K. G. Sriwastava
Editor, Trade Union Record
5-E Jhandewalan,
Rani Jhansi Road,
New Delhi

श्री गोपाल पेपर मिल्स लि०
[बनकर विभाग कर्मचारी यूनियन]
बुलसापुर.

6398 14/3/64.

The Secretary,
All India Trade Union Congress,
5 E Jhandewalan, Rani Jhansi Road,
New Delhi - 1.

Sir,

We are in receipt of your letter/circular dated 25 th February 1964, regarding 15 minutes demonstration on 7 March. But we are sorry the circular was late received here on 7th instant in the evening. Therefore we could not call on our comrades for the said demonstrations.

Regarding badges, please send us few sample badges, so that we may get the required quantity of the same prepared accordingly.

Thanking you for your early favour.

Yours fraternally,

P.S.
We are trying to bring some of our comrades for attending the Satyagrahis party at Delhi on 6th April 1964, which please note.

O. Mehta
President.

O. Mehta
President,

14/3

17

A.I.T.U.C.
Received 6/4/64
Replied

FOR FAVOUR OF PUBLICATION:

The Internation Textile & Clothing & Leather week celebrations concluded here Thursday the 12th March, 1964 at a meeting of the Kanpur Tannery & Leather Workers' Union with the presidentship of Mr. Shiv Sharma. The meeting adopted resolutions stressing the need of the solidarity and sharpening their struggle for unity and the world peace national defence and the achievements of the orking class and working class demands.

The celebrations included wearing badges by 2,900 workers of Cooper Allen & North West Tannery, demonstration by tanneries and lether workers; a meeting of the textile clothing and leather trade union representatives held with Mr. Nizam-ud-din, President of the Tailoring Union in chair which decided to organise themselves under the banner of Trade union International.

The meeting workers were warned the orkers against reactionaries, corrupt and anti-national and sectarian elements in general and the profiteers monopolists in particular who were misleading the workers against the militant trade unions and Communist Movement and were being made to serve the interest of the capitalists and imperialists.

By another resolution the meeting appealed the workers to join the unions strengthered the movement and achieve their just demands. It was also ecided to celebrate Sri Ganesh Shankar Vidyarthi's Martyrs Day at Mazdoor Sabha Bhavan on March 24, 1964 at 5.00 p.m.

Among others Sarvshri Mahesh Chandra Nigam, Badri Prasad and Sri Ram addressed the meeting.

S. Sharma

SHIV SHARMA
President
KANPUR TANNERY & LEATHER WORKERS UNION, KANPUR.

16.3.1964.

—मांग दिवस—

१—बुनियादी तनख्वाह ४०) रु० माहवार हो।

२—मंहगाई के बराबर मंहगाई भत्ता मिले और बोनस का एलान हो।

३—एक माह की तनख्वाह हर साल के हिसाब से सर्विस मिले।

४—जिन मजदूरों ने २४० दिन काम किया है उनको मुस्तकिल किया जाये।

५—३ नवम्बर १९६२ की औद्योगिक संधी के बाद जिन मजदूरों को निकाला गया है व जिन मजदूरों की तनख्वाह व रेट गिरे हैं। मजदूरों को वापस रखा जाये और तनख्वाह व रेट की पूर्ति की जाये।

६—वेलफेयर कमेटी और वर्क्स कमेटी आम मजदूरों के चुनाव द्वारा अविलम्ब बनाई जायें।

७—क्रेडिट सोसाइटी को जल्दी से जल्दी चालू किया जावे।

८—सस्ते गल्ले व जिन्दगी की जरूरत की चीजों के लिये दुकान खोली जाये।

९—बैंक, तैल, आयात निर्यात और बी० आई० सी० में उद्योगों का राष्ट्रीकरण किया जाये।

१०—खाद्यान्न पर सरकारी नियन्त्रण हो।

११—एक्साइज ड्यूटी हटाई जाय।

कूपर एलेन कमेटी
कानपुर टेनरी एण्ड लेदर वर्कर्स यूनियन

27/4/64 26/3/64

विज्ञप्ति नं० ३ दि. २९-३-६४

दुनियां के मजदूरों एक हो

श्री सुदर्शन मिनरल प्रा० लि० (सेठ पूसालाल मानसिंहका) के मजदूरों के मसलों को लेकर साथी शिरालीजी ने पूसा निवास के सामने जो दि. ९-३-६४ से भूखहड़ताल शुरू की थी दि. १४-३-६४ को रात के ११ बजे उसके कामयाबी समाप्ती के बाद अभ्रक उद्योग के खानों और फैक्टरियों में जैसे नवजाग्रति की एक लहर उठी. जगह जगह मजदूर संगठित होकर संघर्ष करने की तैयारी में लगे।

दि. २१-३-६४ को मेसर्स बंशीलाल चौधरी के बालेरिया और अन्नपूर्णा खानों और फैक्टरीयों के मजदूरों ने वेतन अदायगी के मसले को लेकर हड़ताल कर दी. दि. २३-३-६४ को बालेरिया के मजदूर मांडल के तरफ कूंच कर गये उसी दिन रा. ब. सेठ मूलचंद नेमीचंद प्रा. लि. के बादलीखेड़ा रावली खान और फेक्टरी के मजदूरों ने भी हड़ताल की, ये तमाम हड़तालें मुकम्मिल रहीं।

दि० २४-३-६४ को बालेरिया के मजदूर साथी श्री शिरालीजी को मांडल बुला लेगये. फैसला नहीं होने के हालत में दि० २५-३-६४ को मे० बं० चौधरी के मांडल फेक्ट्री को मजदूरों ने बंद कर दिया इस तरह मे० बं० चौधरी का तमाम कारोबार दि० २५-३-६४ के दिन ठप रहा, रात को श्री नाथानी सा० और श्री बाघेला सा० मजदूर सभा के दफ्तर पर पधारे और समझौता किया कि बालेरिया के मजदूरों को तीन दिन की बैठी हाजरी मिलेगी उन्हें इन ३ दिन के लिये प्रति दिन प्रति मजदूर दो रुपये के हिसाब से खाना खुराकी मिलेगी प्रति मजदूर को एक माह का वेतन तुरंत मिलेगा और बाकी सारा वेतन दि० ५-४-६४ से १२-४-६४ तक चुक जायगा, बालेरिया खान चालू रहेगी और काम पर लगे हुये मजदूरों को बराबर काम मिलता रहेगा तथा मांडल फेक्ट्री के मजदूरों को भी बंध दिन की हाजरी मिलेगी. तब जाकर दोनों जगहों का झगड़ा खतम हुआ और काम शुरू हुआ।

इन झगड़ों के खतम होते ही दि० २६-३-६४ को अन्नपूर्णा और रावली खान के मजदूर साथी शिरालीजी को अपनी खानों पर ले गये और उन्हें अनुरोध किया कि वे अब उनके नेतृत्व को अपने हाथ में लें. साथी ने उन मजदूरों को बताया कि आज अभ्रक उद्योग में किस तरह भयंकर स्थिति उत्पन्न हुई है और मौजूदा परिस्थिति से बाहर निकालने के लिए अब एक ही मालिक के अलग २ खानों और फेक्ट्रियों के मजदूरों के अलग अलग संघर्ष पर्याप्त नहीं है इससे काम चलने वाला नहीं है, हड़ताली खानों और फेक्ट्रियों तथा चालू खानों और फेक्ट्रियों के मजदूरों को एक होकर अपने अपने यहां पंचायतों को चुन कर नियुक्त करना चाहिये और इन चूने पंचों को तुरन्त हैड आफिस मांडल भेज देना चाहिये. इस तरह मांडल में एकत्रित तमाम खानों और फेक्ट्रियों के पंचों को अपनी एक महा पचायत बना लेनी चाहिये और वह माह पंचायत तमाम खान और फेक्ट्रियों के मजदूरों का नेतृत्व करे तभी जाकर सवाल हल हो सकेगा तबतक जिन जगहों पर हड़ताल चल रहा है वहां उसे जारी रखा जाय और चालु खानों में हड़ताल नहीं कराया जाय।

इन सुझावों को मानते हुए अन्नपूर्णा, रावली, भादू बन्जारी खानों और फेक्ट्रियों के मजदूरों ने अपनी पंचायतों का चुनाव करके पंचों को तुरन्त मांडल भेज दीया. उसी रात को मांडल में सभा के दफ्तर में रात के ८॥ बजे इन तीनों खानों से आए पंचों और मांडल के दोनों फेक्ट्रियों के द्वारा नियुक्त पंचों तथा बालेरिया खान के पंचों की एक बैठक हुई इस बैठक में एक राय से तय किया कि वे अब संयुक्त होकर चलेंगे और अपने आपको एक महा पंचायत समझकर इन दोनों कम्पनियों के तमाम खानों और फेक्ट्रियां के मजदूरों को केन्द्रीय नेतृत्व देंगे महा पंचायत

की पूरी राय रही कि श्रीमान् सेठ सा० बंशीलालजी के आये बिना ऐसा बड़ा सवाल हल नहीं होने वाला है और सवालों को हल कियेबिना कोई भी पंचायत या पंच वापस नहीं जा सकते, श्री नाथानी सा. और श्री बागेला सा. के पूरे विश्वास दिलाने पर कि किसी भी हालत में सेठ सा. दि. ३१-३-६४ को मांडल में उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा बार बार किये अनुरोधों का सनमान करते हुए महापंचायत ने दि. २७-३-६४ के रात एक बजे सर्व सम्मति से तय किया कि हर हगह के तीन पंच मांडल में ही बैठे रहेंगे और बंद किये गये खानों और फैक्टरियों को तुरन्त चालू कर दिया जाय जिन खानों या फैक्टरियों में पंचायतें नहीं कायम की गई हों वहां के मजदूरों से अनुरोध किया जाय कि वे भी अपनी पंचायतें कायम करके पंचों को दि. ३१-३-६४ को मांडल भेज दें, उस दिन उपस्थित पंचों की माह पंचायत स्थाई तौर परस्थापित की जाय और सेठ सा. से फैसला लिये बिना यह महापंचायत या उसके पंच वापिस नहीं लौटें।

इस निर्णय के अनुसार साथी शिरालीजी हर खान के दो दो पंचों को साथ लेकर तमाम खानों और फैक्टरियों पर घूमे और मीटिंगें लेकर लिए गए फैसलों को तमाम मजदूरों को सुनाया सारे मजदूरों ने जोश खरोश के साथ महापंचायत द्वारा लिए निर्णयों का स्वागत किया और तमाम हड़तालों को वापिस उठा लिया। दि. २८-३-६४ को दिन के १० बजे तक इन दोनों कम्पनियों के तमाम हड़ताली मजदूर खुश होकर आत्म विश्वाश के साथ काम पर चढ़ गये और अब उन तमामों की निगाहें दि. ३१-३-६४ को मांडल में होने जा रहे महापंचायत की बैठक की ओर लग रही है उन दोनों कम्पनियों के तमाम मजदूरों ने अपना रास्ता चुन लिया है वह है लाल झंडे का रास्ता, हमारे मजदूर सभा द्वारा बताया हुआ रास्ता, दि. ३१-३-६४ को स्थापित होने वाले स्थाई महापंचायत के द्वारा बताये जाने वाला रास्ता।

अब तक करीब ४०० मजदूर हमारी सभा के सदस्य बन चुके हैं और सदस्यता आवेदन पत्रों की मांग बढ़ती जारही है। आवेदन पत्र छपने को दिये हैं छपते ही तमाम जगहों पर भेज दिये जावेंगे।

इस दरमियान में महापंचायत और हमारी सभा की तरफ से मैं जोरावरपुरा, बोड़ली, गेगास, बेमाली वगैरह खानों और फैक्टरियों के मजदूरों से अनुरोध करता हूँ वे तुरन्त अपने यहां पंचायतों को कायम करके दि. ३१-३-६४ को पंचों को मांडल भेज दें ताकि इन दोनों कम्पनियों की एक स्थाई महा पंचायत स्थापित की जा सके, जिनके हाथ में संबन्धित तमाम मजदूरों का भविष्य सुरक्षित रहें।

★ सोनी और मेसर्स बंशीलाल चौधरी के तमाम खानों और फेक्ट्रियों के मजदूर दोस्तों अपने अपने यहां तुरन्त पंचायतों को कायम करो। ★ तमाम पंचों को दि० ३१-३-६४ को सुबह मांडल भेजो। ★ ३१ मार्च जिन्दाबाद उस दिन मांडल में स्थापित होने वाली स्थाई पंचायत जिन्दाबाद और उसके नतृत्व में बना तमाम मजदूरों का एका जिन्दाबाद ★ राजस्थान खनिज मजदूर सभा जिन्दाबाद ★ ए. आय. टी. यू. सी. जिन्दाबाद ★ मांडल क्षेत्र में अभ्रक मजदूरों में नव स्थापित मजदूर एकता जिन्दाबाद ★ महा पंचायत मांगें हांसिल करके रहेगी ★ लाल झंडा ऊंचा रहेऊंचा रहे आगे बढ़े आगे बढ़े ★ दूनिया के मजदूरों एक हो ★ इनक्लाब जिन्दाबाद।

आपका साथी

गंगाराम

संयुक्त मंत्री

राजस्थान खनिज मजदूर सभा (लाल झंडा)

पीतल का कारखाना भूपालगंज भीलवाड़ा

गोपाल प्रिंटिंग प्रेस, भीलवाड़ा।

स्थापित १०-५-६१

रजिस्टर्ड नं० २२६२

सूती मिल मजदूर सभा।

सादाबाद गेट हाथरस

पत्रांक ९९ 6417 16/3/64 दिनांक 13/3/64

सेवा में

श्री अतिरिक्त प्रादेशिक सराधान,
अधिकारी महोदय
साधना हाउस मैरिस रोड, अलीगढ़

महोदय,

निवेदन है कि दिनांक १२-३-६४ के आप द्वारा लिखित फैसले के मसौदे को एन.के. कौटन मिल्स हाथरस के मालिकों ने मानने से इन्कार कर दिया है। ऐसी हालत में मजदूरों का असंतोष बढ़ रहा है और उसके फलस्वरूप औद्योगिक शांति भंग होने का अंदेशा है यदि इस स्थिति को रोकने के लिये आप द्वारा तुरन्त सक्रिय हस्तक्षेप न किया गया तो अन्य संगठनों पर भी इसका कुप्रभाव पड़ सकता है।

आशा है आप स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकने की कृपा करेंगे।

प्रतिलिपि प्रेषित :-

१- श्री जिलाधीश अलीगढ़
२- श्री श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश, कानपुर
३- श्री सचिव श्रम मंत्रालय लेबर (ए) डिपार्टमेंट, लखनऊ
४- श्री मंत्री ए. आई. टी. यू. सी. ४ अशोका रोड नई दिल्ली।

आपका
शान्तिदेव
अध्यक्ष
सूती मिल मजदूर
सभा - हाथरस

फोन नं० २८४१

उत्तर-प्रदेश, पी. डब्ल्यू. डी. कर्मचारी संघ,

(रजिस्टर्ड नं० १६५०)

(सम्बन्धित ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस)

१८० सुभाष नगर मेरठ ।

आचार्य दीपंकर, प्रधान,
'चन्द्रिका' शिवाजी मार्ग, मेरठ।
ब्रजराज किशोर एडवोकेट, महामन्त्री,
'चन्द्रिका' शिवाजी मार्ग, मेरठ।
ओमप्रकाश शर्मा, उपमन्त्री,
१८० सुभाष नगर, मेरठ।
के० एन० भट्ट मन्त्री (बुलन्दशहर शाखा)
पन्नी जी० शुगर फैक्ट्री यूनियन आफिस, बुलन्दशहर।

क्रम सं०..............

दिनांक 5/3/1964

A. I. T. U. C.
Received 6238 [illegible]
को० एस० ए० [illegible]

महामंत्री - अ. भा. ट्रे. यू. कांग्रेस
रानी झांसी रोड
झण्डेवालान, नई दिल्ली

आदरणीय कामरेड!

१५ मार्च रविवार को दिन के १२ बजे मेरठ के टाउनहाल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पी. डब्ल्यू. डी. कर्मचारियों का एक जुलूस निकलेगा जिसमें दूसरे विभागों के मजदूर भी हजारों की संख्या में भाग लेंगे। प्रदर्शन के बाद जलसा होगा। सभी मजदूरों और कार्यकर्ताओं की ओर से मैं आप से प्रार्थना करता हूं कि आप इसमें अवश्य भाग लें। AITUC और CPI के अलावा दूसरे संगठनों की यूनियनें भी इसमें हिस्सा ले रही हैं। परन्तु आह्वान हमारी ही यूनियन की ओर से है। आप केवल [illegible] और [illegible] सूचना है।

आपका भवदीय

[illegible]

दुनियां के मजदूरो ! एक हो १५ मार्च को मेरठ चलो!

पी. डब्ल्यू. डी. के बहादुर मजदूरो !

पन्द्रह मार्च ऐतवार को दिन के ११ बजे

मेरठ टाउनहाल में इकट्ठे हो जाओ

प्यारे साथियो, दिलेर मजदूरो !

जिधर देखो पूरे देश का मजदूर गुलामी और गरीबी के खिलाफ़ बगावत कर रहा है। महंगाई आसमान छूती जा रही है और पुरानी तनखाहों में गुजर होना असम्भव होता जा रहा है। थोड़े से पूंजीपतियों ने देश की दौलत बटोर ली है और करोड़ों मेहनत करने वाले दाने दाने के मोहताज होते जा रहे हैं। अनाज, कपड़ा, मिट्टी का तेल, चीनी और जरूरत के सभी सामानों के दाम पूंजीपतियों ने बहुत तेज कर दिए हैं और मजदूरों को न तो सरकार मुनासिब महंगाई भत्ता एवं तनखा देती है और न पूंजीपति ही टस से मस होते हैं। आप जरा सोचिए तो सही कि जब सामानों के दाम इतने ऊंचे पहुंच गये हैं तो पी० डब्ल्यू डी० के मजदूर तथा उनके बाल बच्चे ३७ रु० तथा ४२ और ५० रुपये में कैसे गुजारा कर सकते हैं ? इतने रुपयों से तो साहबों के अलशेशन कुत्तों तक का पेट नहीं भरता ?

कितनी खराब हालत है हमारी— एक ओर तो भुखमरी की तनखाहों पर सरकार काम लेती है ऊपर से अत्याचारी इंजीनियर और ओवरसियर मनमाना व्यवहार करते हैं, झूठे आरोप लगाकर सजाएं देते हैं और जुरमाने करते हैं। बहाना मिलते ही नौकरी से अलग कर देते हैं और यह जानते हुए भी कि इतनी कम तनखाहों से गुजारा करना गैर मुमकिन है, वे सरकार से तनखा बढ़ाने की सिफारिश करने के बजाय उल्टे मुखालफत करते हैं। मस्टरोल प्रथा का चालू रखना गरीब मजदूरों की किस्मत भी अफसरों की मुट्ठी में सौंप कर रखना है, और यदि कर्मचारी इनके भ्रष्टाचार का भण्डाफोड़ करें तो तुरन्त नौकरी से अलग फेंक दिए जाते हैं। दस-दस साल पुराने वर्क चार्ज कर्मचारियों की तनखा कम और "बड़े साहबों" के चहेते नये वर्क चार्ज कर्मचारियों की तनखा ज्यादा ? वाह क्या इन्साफ है ? मजदूरों का चाहे जैसा काम अटका रहे, उन्हें न तो कैजुअल या सिकलीव मिलती है और न कभी ओवर टाईम का भत्ता मिलता है। यह मुसीबत कब तक और कैसे सहें ? यदि न सहें तो कैसे इनसे छुट्टी मिले ? इन सवालों पर विचार करने और अगला कदम उठाने के लिए १५ मार्च ऐतवार को दिन के ११ बजे मेरठ टाउन हाल में सब काम छोड़कर आजाइये।

साथियो ?

यह सम्मेलन और प्रदर्शन प्रथम सर्किल के सभी जिलों के पी० डब्ल्यू० डी० कर्मचारियों की ओर से संगठित रूप में किया जा रहा है। इसलिए, देहरादून, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, मेरठ और बुलन्द शहर के सभी डिवीजनों के कर्मचारियों से अपील है कि वे अधिक से अधिक तादाद में इसमें हिस्सा लें।

अब नीचे लिखी मांगें पूरी करा कर ही दम लेना है :—

१. कम से कम तनखा २॥ रू० रोज या ६५ रू० माहवार दी जाय।
२. मस्टरोल प्रथा खत्म की जाय और कर्मचारी मुस्तकिल किए जाय।

कु० प० उ०

३. वर्क चार्ज के कर्मचारी स्थायी किये जांय ।

४. जैसे-जैसे मंहगाई बढ़े उसी मात्रा में पूरी मंहगाई भत्ता बढ़ाया जाय ताकि मंहगाई का पूरा मुवावजा मिल सके । जब तक ऐसा नहीं होता तब तक कम से २५ फीसदी मंहगाई भत्ता बढ़ाया जाए ।

५. निर्दोष कर्मचारियों के साथ किया गया भद्दा व्यवहार और ज्यादती वापिस ली जाए तथा भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया जाय ।

६. ठेकेदारी प्रथा खत्म की जाए ।

७ विवादों का निवारण करने के लिए मजदूर अदालतें कायम की जांए ।

८. हर जिले के सदर मुकाम पर कर्मचारियों के लिए सस्ती सरकारी दुकानें खोली जांए ।

९. विभाग में फैले भ्रष्टाचार की जांच और रोक थाम के लिए तत्काल कमेटी नियुक्त की जाए जिसमें मजदूरों को प्रतिनिधित्व दिया जाए ।

१०. दिनांक १८-११-६१ के समझौते की तमाम शर्तें उसी तारीख से और पूरी तरह लागू की जाए ।

११. सरकार जल्दी से जल्दी एक कमिशन बैठाये जो दूसरे महकमों की तरह इस महकमे के कर्मचारियों के लिए सेवा नियम तय करे ।

१२. प्रत्येक सर्किल में मान्यता प्राप्त यूनियन को पी० डब्ल्यू डी० के कम्पाउण्ड में मीटिंग करने का अधिकार और दफ्तर की सुविधा दी जांए ।

१३. पेटिंग के दिनों में बेलदारों को दैनिक वेतन ३ रु० तथा मेटों को ४ रु० दिया जाए ।

१४. जो कर्मचारी मुस्तकिल कर दिये गये हैं, उन्हें तुरन्त महंगाई भत्ता देना शुरू किया जाए ।

१५. टेम्परेरी मजदूरों की तनख्वा में कम से कम २५ फीसदी बढ़ोतरी तुरन्त की जाए ।

दोस्तो !

हम ऊपर लिखी मांगों पर केवल विचार ही नहीं करेंगे बल्कि अपनी मांगों के पक्ष में इस दिन मेरठ में जुलूस भी निकलेगा और अधीक्षण अभियन्ता के कार्यालय पर प्रदर्शन भी करेंगे । मजदूरों का प्रतिनिधि मण्डल उनसे मिल कर अपना मांग पत्र सौंपेगा और बात करेगा ।

पी० डब्ल्यू डी० के शूरमाओ ।

पूरे देश का मजदूर सिंहनाद करके खडा हो गया है । उसकी ललकार से पूंजीपतियों लुटेरों और अत्याचारियों की नींद हराम हो गयी है । जहाँ देखो, जुल्म के खिलाफ मजदूरों के मोर्चे बन्धे खडे हैं । फिर तुम किस से कमजोर हो और कैसे पीछे रह सकते हो ? १५ मार्च को एतवार के दिन ११ बजे से पहिले मेरठ के टाउनहाल में अपने जोशीले जयकारों से आसमान गुञ्जा दो । तभी तो पता चलेगा कि तुम किसी से पीछे नहीं हो ? सब काम छोड़कर आइये ?

मजदूर एकता जिन्दाबाद !

निवेदक :—

आचार्य दीपंकर (प्रधान)
सुरेन्द्र कुमार मंत्री)
मुजफ्फर नगर शाखा

ब्रजराज किशोर ऐडवोकेट, (प्रधान मन्त्री)
ओम प्रकाश (संगठन मंत्री)
के० एन० भट्ट (मंत्री)
बुलन्दशहर शाखा

राजीव प्रिन्टिंग प्रेस, मेरठ ।

जे० के० रेयान वर्कर्स यूनियन, ६५।६ बाजमऊ जे०के० पुरी

श्रीमान् ,

डायरेक्टर महोदय ,
जे० के० रेयान मिल
कानपुर ।

6224 S73/64.

सेवा में,

विदित हो कि दिनांक ३ - ३ - ६४ को प्रात: काल श्री एस० पी० सिंह :सेक्यूरिटी आफिसर: ने एक स्वीपर दौलतराम वल्द से रेवती टिकट नम्बर १०६२ को विस्कोस डिपार्ट के ऊपर डन्डे से मारा तथा गाली गलौज़ दी । स्मरण रहे कि इसी प्रकार इन्द्रबहादुर जमादार हीरा बन्यानी नामक एक हेल्पर :केमिकल डिवीजन: को मार चुका है ।

अत: यूनियन इन अमानवीय अत्याचारों पर रोष प्रकट करती है तथा मांग करती है कि आप तुरन्त हस्तक्षेप कर स्थिति को बिगड़ने से बचायें एस० पी० सिंह :सेक्यूरिटी अफसर : पर कार्यवाही करें । अन्यथा हम मजबूर होगें कि अपनी इज्जत को बचाने के लिये संघर्ष रत हो ।

आशा है कि आप अवश्य १५ दिन के अन्दर उचित कार्यवाही करेगें। अन्यथा दिनांक २० - ३ - ६४ से जे० के० रेयान वर्कर्स यूनियन आन्दोलन चलायेगी । तथा इस प्रकार की स्थिति की जिम्मेदारी मिल प्रबन्धकों की होगी ।

दिनांक, ४-३-६४

निवेदक -
4.3.64
ओ० पी० दीक्षित
प्रधान मंत्री

J.K. RAYON WORKERS UNION
KANPUR

प्रतिलिपि प्रेषित :-

१- श्रीमान् लेबर कमिश्नर, उ०प्र० कानपुर ।
२- ,, श्रम मंत्री , उ० प्र० लखनऊ ।
३- ,, जिलाधीश , कानपुर
४- ,, एस० पी० सिटी, कानपुर ।
५- ,, गृह मंत्री भारत सरकार, नई दिल्ली ।
६- ,, प्रधान मंत्री,
एआईटीयूसी, नई दिल्ली ।

IRON AND ENGINEERING WORKERS' UNION KANPUR

(Registered No. 1893)

Affiliated To :-
THE A. I. T. U. C.

131/358 (Hasanganj)
BEGAMPURWA

Ref. ....

KANPUR ११।४।६४ 196

श्री मान् श्रम मन्त्री महोदय,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

362 25/4/64

द्वारा : श्री एस० एम० बनर्जी, एम०पी०, कानपुर।

माननीय महोदय,

निवेदन है कि हम निम्नलिखित मांगों की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं :-

यह कि जुलाई सन् १९५७ में इण्डियन लेबर कान्फ्रेन्स में हुए फैसले के अनुसार इन्जीनियरिंग उद्योगों के लिए आप के द्वारा वेज बोर्ड आज तक नियुक्त नहीं किया गया। इन्जीनियरिंग उद्योग जैसा उत्पत्ति शील और महत्व पूर्ण के लिए वेतन मण्डल न किया जाना समझ में नहीं आता। उपरोक्त उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों के काम की दशा व आर्थिक दशा अति खराब है। आवश्यकता है कि इस उद्योग के लिए अविलम्ब वेजबोर्ड नियुक्त किया जाय।

यह कि कानपुर के कुछ कारखानों के श्रमिकों ने १०३२ हस्ताक्षर कर के एक मांग पत्र तैयार किया है जो कि उपरोक्त समस्या के सम्बन्ध में है और वह आप की सेवा में प्रस्तुत किया जा रहा है।

आशा है कि आप उपर्युक्त मांगों पर सहानुभूति तथा गम्भीरतापूर्वक विचार कर कोई कदम अविलम्ब उठाने का कष्ट अवश्य करेंगे।

भवदीय
[signature]
: निजामुद्दीन :
प्रधान मन्त्री
आयरन एण्ड इन्जीनियरिंग वर्कर्स यूनियन
कानपुर

प्रतियाँ प्रेषित की :-
१. श्री मान् लेबर मिनिस्टर साहब, यू०पी०, लखनऊ।
२. श्री मान् श्रम कमिश्नर साहब, यू०पी०, कानपुर।
३. श्री मान् मन्त्री जी ए० आई०टी०यू०सी०, नई दिल्ली।
४. श्री मान् मन्त्री जी फैडरेशन आफ मैटल एण्ड इन्जीनियरिंग वर्कर्स आफ इण्डिया, नई दिल्ली।
५. श्री मान् मन्त्री जी, यू०पी०टी०यू०सी० कानपुर।
६. एस० एम० बनर्जी, एम० पी०, कानपुर।

पोस्ट कार्ड
POST CARD
साथ का कार्ड जवाब के लिए
THE ANNEXED CARD IS INTENDED FOR THE ANSWER
केवल पता
ADDRESS ONLY

INDIA भारत 6 nP

Sri S. A. Dange
Gen. Secy. AITUC
4, Ashok Marg
or Rani Jhansi Road
New Delhi - 1

P.S.
Kindly see that you do not send any more TUR to me. I am no longer the secretary of the LRCM Sabha. I have handed it over to other friends. Also see that your circulars to ~~Com~~ Sri S.S. Yusuf are not sent to my address. That only means delay. Send them to him at 119/482, Darshanpurwa Kanpur

12.4.64

Ram Dhani

Dear Sri Dange,

Both you & the left faction of the CPI hurl at each other the accusation of being neo-Trotskyist. Will you kindly explain which of you is a neo-Trotskyist & why?

In ~~the~~ connection with "Dange-letters", a Trotskyist of Bombay has written in The Tide weekly of Bombay that a single letter even if genuine, cannot wipe out the entire revolutionary record of a revolutionary fighter that you have been with 14 years of jail record during British rule. He has condemned the ~~campt~~ campaign as Stalinist and has compared it with the smear campaign launched against Trotsky.

I would only like to express my personal sympathy to you & support on the Dange-letters issue

Yours ~~faithfully~~ sincerely

Raj Narain Arya

12.4.64

1st 8/212, Ram Bagh
Kanpur

A.I.T.U.C.
Received 24W 16/4/64.

विज्ञप्ति नं ४ दि. ७-४-६४

A. I. T. U. C.
27/4/64.
Replied

सेठो को समझ से काम लेना पड़ेगा
मजदूरों से तमीज से पेस आना पड़ेगा।

'दुनियां के मजदूरों एक हो'

मांडल के रा० ब० सेठ मूलचंद नेमीचंद प्रा० लि०, मैसर्स बंशीलाल चौधरी, मैसर्स अभयकुमार जैन इन तीनों कम्पनियों के तमाम अभ्रक के खानों और फैक्टरियों के हजार से भी ज्यादा मजदूरों को १-३-६४ से वेतन में प्रति माह ५ रु० की बढ़ोतरी मंजूर हुई इस कामयाबी के लिये सम्बन्धित मजदूरों और उनके द्वारा चुनी "महापंचायत" को हमारी सभा की तरफ से बधाई।

संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति द्वारा प्रा-तव्यापी पैमाने पर उठाये इस बढ़ोतरी की मांग को भीलवाड़ा जिले के अभ्रक उद्योग में सबसे पहले मंजूर करवाने का श्रेय हमारे लाल झंडा मजदूर सभा को ही मिला है। इस जिले के मुख्य बड़े उद्योग हैं अभ्रक और कपड़ा उत्पादन लेकिन अब तक अभ्रक के कम्पनियों में और कपड़ा मिलों में इस बढ़ोतरी को लागू नहीं करवाया गया था। उपरोक्त तीनों कम्पनियों में इस बढ़ोतरी को सबसे पहले लागू करवा कर अभ्रक की दूसरी कम्पनियों और कपड़ा मिलों में इस बढ़ोतरी को लागू करवाने के लिये अब रास्ता खोल दिया है।

सम्बन्धित उद्योगों के मजदूर दोस्तो, एक होकर आगे बढ़ो इस बढ़ोतरी के मांग को पूरी ताकत के साथ उठाओ जिस तरह उपरोक्त तीनों कम्पनियों के मजदूरों ने उठाया था। आपकी जीत होकर रहेगी, आप इस मांग को मंजूर करवा के रहोगे, लाल झंडा आपकी हर तरह मदद करेगा।

तिरंगे झंडे की बातों को और कारनामों को आप काफी वर्षों से सुनते और देखते आरहे हैं। सोचो तो आपने अब तक क्या हासिल किया है? आपको मिली है गुलामी, कमजोरी, आपस की फूट और आपके दिलों में बसाया गया डर।

तिरंगे झंडे के बाद आपने सुन ली बातें दुरंगे झंडे की। देख लिया उनके नेताओं के कारनामों को। जहां २ मजदूरों ने दुरंगे झंडे के नेतृत्व को स्वीकारा वहां मजदूरों को तबाही के अलावा और कुछ भी नहीं मिला। कहां हैं वे अभ्रक के फेक्टरियां जहां एक दिन दुरंगे झंडे के नेता बड़े शाने शौकत के साथ कहते थे कि ये उनके गढ़ हैं, उन गढ़ों का कहीं पता ही नहीं। मिसाल के लिये रा. ब. सेठ रामप्रसाद राजगढ़िया प्रा. लि. और उनसे सम्बन्धित आधा दर्जन से भी ज्यादा कम्पनियां और उनकी फैक्टरियां। उनका नामोनिसान तक नहीं रहा। हाल ही में दुरंगे झंडे के छत्रछाया में और उनके नेताओं के आसीरवाद से विजय माइका माइनिंग प्रा. लि. छी भीलवाड़ा फैक्टरी १-४-६४ से बंद करादी गई। १ अप्रेल दुनियां में मूर्ख दिन माना जाता है और वाकइ में विजय माइका के भीलवाड़ा फैक्ट्री के मजदूरों को इस दिन मूर्ख बनाया। उपरोक्त तमाम फैक्टरियों के मजदूर आज दर बदर की ठोकरें खा रहे हैं। अब बचेकुचे दुरंगे झंडे के मजदूरों को भी इन बातों से सीख लेनी चाहिये। वक्त रहते उन्हें चेत जाना चाहिये।

लद चुका अब दुरंगे और तिरंगे झंडों का जमाना। मजदूर समझ चुके अब उनकी तिरंगी और दुरंगी चालों को। आगया है अब जमाना मजदूरों और किसानों के लहू से रंगे और उनके दोस्ती के प्रतीक हांसिया और हथौड़े वाले लाल झंडे का। "दुनियां के मजदूरों एक हो" के क्रान्तिकारी नारे को बुलन्द करने वाले लाल झंडे का।

दूदूवाला कम्पनी के मजदूर दोस्तों फेंकदो अब तिरंगे और दुरंगे झंडों को उठाओ अपने लाल झंडे को और आपके कम्पनी के हर खान और फेक्ट्रियों में मजदूर पंचायतों को चुनकर स्थापित करो। उन तमाम पंचायतों को मिला कर एक "महा पंचायत" कायम करो, जिस तरह मांडल के उपरोक्त तीनो कम्पनियों के मजदूरों ने किया है इस तरह स्थापित आपकी "महापंचायत" हमारा लाल झंडे की मजदूर सभा के नेतृत्व में आपके कम्पनी के खानों और फेक्ट्रियों के २००० मजदूरों को भी ५) रु० माहवारी बढोतरी को "महा पंचायत" के बने दस दिन के अन्दर हासिल करा के बतायेंगी, हिम्मत के साथ आगे बढो, जीत की मंजील आपका इन्तजार कर रही है, आपकी जीत बचे कुचे अभ्रक उद्योग के मजदूरों को इस बढ़ोतरी को हांसील करने के लिये रास्ता खोल देंगे आपका संघर्ष कामछाब हो

नये और जूने कपड़ा मिलों के मजदूर दोस्तों जब लाल झंडे वाले राजस्थान के तमाम कपड़ा मिलों में उपरोक्त ५) की बढ़ोतरी मिल चुकी है तब आपके यहां इस बढ़ोतरी को अबतक क्यों नहीं लागू किया गया। क्या आपने इस बात पर गौर किया है ? आप देख तो रहे हो कि एम्प्लाइज स्टेट इन्सोरेन्स की दवाखानों में काम करने वाले डाक्टर लोग आपके साथ किस तरह बुरा व्यवहार करते हैं और दवाएं आपके बजाय नेताओं के घर जाती हैं। अब वक्त आगया है कि आप सब मिलकर इन डाक्टरों का इलाज करें। इस विषय में क्या आपने कभी सोचा है ?

मांडल के उपरोक्त तीनों कम्पनियों के मजदूर दोस्तों आपके द्वारा स्थापित पंचायतों और महापंचायत को और मजबूत करो ताकि वेतन अदायगी और दूसरी मांगों को हांसिल करने और आपके भविष्य को उज्वल बनाने में आपको कामयाबी मिले।

★ मांडल क्षेत्र से अभ्रक पजदूरों में नवस्थापित मजदूर एकता जिन्दाबाद।
★ मांडल की महापंचायत बाकी की मांगें हांसिल करके रहेंगी।
★ दूदूवाला के मजदूर दोस्तो हर खान और फेक्टरी में पंचायतों को चुनो और उन पंचायतों की एक "महापंचायत" स्थापित करो। आपको ५ रु० बढ़ोतरी मिल के रहेगी।
★ राजस्थान खनिज मजदूर जिन्दाबाद।
★ ए. आय. टी. यू. सी. जिन्दाबाद।
★ लाल झंडा ऊंचा रहे, ऊंचा रहे आगे बढ़े और आगे बढ़े।
★ इन्क्लाव जिन्दाबाद ★ दुनियां के मजदूरों एक हो।

दुर्गादास शिराली,
मन्त्री
राजस्थान खनिज मजदूर सभा (लाल झंढा)
पीतल का कारखाना, भूपालगंज
भीलवाड़ा

मजदूर दोस्तो ! आगे बढ़ो !!

अया है तूफान कदम से कदम मिलाना है।
आगे बढ़ कर जुल्मों का इतिहास जलाना है॥
पेट एकसा और पेट की आग एकसी है।
धरती पर जीने वालों की मांग एकसी है॥
जन–जीवन पर गिरने वाली गाज एकसी है।
घर घर से आने वाली आवाज एकसी है॥
शोषण की इस सत्ता का अब तख्त हिलाना है।
आया है तूफान कदम से कदम मिलाना है॥
जीवन के चौराहे पर फरियाद एकसी है।
अरमानों की नई फसल बर्बाद एकसी है॥
पिसी हुई मानवता की तसवीर एकसी है।
दुनियां के इन्सानों की तकदीर एकसी है॥
इसी लिये उजड़ा उपवन सरसब्ज बनाना है।
आया है तूफान कदम से कदम मिलाना है॥

—पथिक

गोपाल प्रेस, भीलवाड़ा।

27/4/64.

"दुनियां के मजदूरों एक हो"

"पूसानिवास" के सामने श्री सुदर्शन मिनरल के निकाले गये मजदूरों के धरने का आज ७वां दिन.

आज शाम के ६ बजे तक समझौता नहीं हुआ तो "पूसा निवास" के सामने भूखहड़ताल की शुरुआत होगी.

दोस्तो,

दि. ६-३-६४ के सुबह स्टेशन चौराहे के बोर्ड पर लिखकर मुझे घोषित करना पड़ा कि अगर दि. ९-३-६४ के शाम के ६ बजे तक संतोषजनक समझौता नहीं हुआ तो मुझे "पूसानिवास" के सामने भूखहड़ताल करना पड़ेगा, ऐसा मुझे क्यों करना पड़ा ?

दि. २९-२-६४ को हमारी सभा द्वारा निकाले परचे और दि. २ और ३ मार्च को हुए आम सभाओं द्वारा तमाम स्थितियों से सभी को विदित कराया गया है।

दि. २९-२-६४ को हमारी सभा के तरफ से अभ्रक उद्योगपतियों के राजस्थान इन्डस्ट्रिअल एण्ड माइनिंग एसोसिएशन और राजस्थान माइनिंग एसोसिएशन दोनों संस्थाओं को एक पत्र भेजा था और उसकी प्रतिलिपियां यहां के तमाम बड़े माइका कम्पनियों को भेजी गई, उसमें उन्हें साफ तौर पर चेतित किया गया था कि दि. १-२-६३ से हर मजदूर को ५) रु० प्रति माह बढ़ोतरी देनी ही पड़ेगी। विजय माइका कम्पनी के भीलवाड़ा फेक्टरी को दि. ८-३-६४ से बंद होने से रोकना पड़ेगा। श्री सुदर्शन मिनरल के निकाले गये मजदूरों का संतोषजनक फैसला करना ही पड़ेगा। छटनी को मजदूर बर्दास्त नहीं करेंगे, इन बातों के बातचीत और समझोतों के शान्तिमय तरीकों से लागू नहीं किया गया तो अभ्रक उद्योग में मजदूर संघर्षों का एक तूफान आयेगा, हमारी सभा ने शान्ति का रास्ता अपनाया है लेकिन अगर मजबूर किये गये तो एक ऐसी लड़ाई छिड़ जाएगी जो उद्योग के लिये हानिकारक सिद्ध हो सकती है। लेकिन मांगे तो मंजूर होकर रहेंगी। बातचीत के द्वारा जो किया जा सकता है उसे संघर्ष के द्वारा क्यों किया जाय ? हम समझदारी से काम लेना चाहते हैं और उम्मेद करते हैं कि मालिक वर्ग भी वैसा ही करेंगे।

उसके बाद श्री सु. मि. के निकाले गये मजदूरों को अभ्रक के तमाम फेक्टरियों और नये और पुराने कपड़ा मिलों के मजदूरों से परिचय कराते हुए उनके संघर्ष के महत्व को हमारी सभा ने यहां के तमाम मजदूरों को गेट मीटिंगों द्वारा समझाया। भीलवाड़ा के जनवादी समाजवादी मजदूर वर्ग ने पूरे जोश खरोश के साथ इन मजदूर साथियों को विश्वास दिलाया कि अब यह लड़ाई सारे मजदूरों की है। इसे हम हारने नहीं देंगे। दि. १-२-६४ को दूदूवाला कम्पनी के गेट के सामचे से शाम को एक मजदूरों का जुलूस निकला और वह सारे शहर में होकर गुजरा बाजार से गुजरते वक्त जुलूस ३००-३५० तक पहुँचा। दि. २-३-६४ को स्टेशन चौराहे पर हमारी सभा की तरफ से एक आम सभा हुई। लेबर आफीसर के अनुरोध पर धरना एक दिन के लिये स्थगित करने का तय हुआ। दि. ३-३-६४ को फिर से आम सभा हुई और सभा खतम होते ही उसी स्थान से श्री शु. मि. के निकाले गये मजदूरों को लेकर एक जुलूस निकला जो पूसा निवास के सामने समाप्त हुआ और धरने की शुरूआत हुई, जब ६-३-६४ तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई तब मुझे एलान करना पड़ा कि समझौता न होने के हालत में दि. ९-३-६४ को शाम के ६ बजे से मुझे भूखहड़ताल करना पड़ेगा।

अब आज धरने का ७ वा दिन है लेकिन न लेबर ऑफीसर के तरफ से न कंपनी के तरफ से हमे कोई सूचना मिली फिर भी हम शाम के ६ बजे तक इन्तजार करेंगे उसके बाद में "पूसा निवास" के सामने भूक हड़ताल शुरु करूंगा। यह भूक हड़ताल तबतक चलेगा जबतक निकाले गये मजदूरों को इज्जत के साथ संतोषजनक फैसला नहीं होता।

श्री सु० मि० के निकाले गये मजदूरों ने दृढ़ता के साथ तय किया है कि वे पीछे नहीं हटेंगे। इनके बहादूराना संघर्ष ने तमाम धंधों में काम करने वाले मजदूरों का ध्यान अपने ओर आकर्षित कर लिया है। लाल झंडे ने अपनी आन और शान को बाजी में लगाया है। मैंने भी उसी के एक सिपाही की हैसियत से अपने जान की बाजी लगाना अपना फर्ज समझा है। श्री सु० मि० के मजदूर पीछे नहीं डटेंगे। लाल झंडा पीछे नहीं हटेगा। अब इसे भीलवाड़ा के बहादूर इन्कलाबी मजदूर वर्ग ने थामा है। वहीं इस आंदोलन को कामयाबी के मंजील तक पहुँचायेंगे। नवजागृत मजदूर एकता की भावना जिन्दाबाद। तमाम धंधों में काम करने वाले मजदूर दोस्तों आगे बढ़ो। मजदूरों और किसानों के लहू से रंगे इस लाल झंडे की रक्षा करने का भार अब आप लोगों के कंधों पर है। इस जिम्मेदारी को एक जूट होकर निभावे। आपकी शक्तिया जीत होगी। भीलवाड़ा के तमाम धंधों में काम करने वाले मजदूरों एक हों। "पूसा निवास" के सामने से लाल झंडा हटने न पाय, मरना लेकिन झुकना नहीं।

मुझे विश्वास है कि कम्युनिस्ट पार्टी के तमाम साथी और भीलवाड़ा के इमानदार प्रगतिशील समाजवादी तबके के नागरिक और मित्र इस मजदूरों के बहादूराना संघर्ष को कामयाब बनाने में पूरजोर कोशिश करेंगे और मददगार होंगे। मेरे भूक हड़ताल पर बैठने के बाद इस संघर्ष का संचारन की जिम्मेदारी हमारी सभा के संयुक्त मंत्री साथी गंगारामजी के कंधों पर होगी उनके सुपुर्द किये जिम्नेदारी को वे पूरी तरह कामयाबी के साथ निभायेंगे इस बात का मुझे पूर्ण विश्वास है।

★ इन्कलाब जिन्दाबाद ★ राजस्थान खनिज मजदूर सभा जिन्दाबाद ★ ए. आई. टी. यू. सी. जिन्दाबाद ★ कम्युनिस्ट पार्टी जिन्दाबाद ★ श्री सु. मि. के बहादूर मजदूर जिन्दाबाद ★ दुनिया के मजदूरों एक हो ★ लाल झंडा झुकने न पाय पीछे हटने न पाय।

आपका साथी
दुर्गादांस शिराली
मन्त्री
राजस्थान खनिज मजदूर सभा (लाल झंडा)
पीतल का कारखाना भीलवाड़ा

६-३-६४

आगे बढ़ो

रात के राही थक मत जाना सुबह कि मंजील दूर नहीं
धरती के फैले आंगन में पल दो पल है रात का डेरा
जुल्म का सीना चीरके देखो झांक रहा है लाल सवेरा
ढलता सूरज मजबूर सही उगता सूरज मजबूर नहीं
थक मत जाना ओ राही सुबह कि मंजील दूर नहीं
सदियों तक चुप रहने वाले अब अपना हक लेके रहेंगे
जो कहना है साफ कहेंगे जो करना है खुलके करेंगे
जीतेजी घुट घुट कर मरना इस युग का दस्तूर नहीं
थक मत जाना ओ राही सुबह कि मंजील दूर नहीं
टूटेगी बोझल जंजीरे जागेगी सोइ तकदीरें
लूटपे कबतक पेहरा देंगी जंग लगी खूनी शमशीरें
रह नही सकता इस दुनिया में जो सबको मंजूर नहीं
थक मत जाना राही सुबह की मंजील दूर नहीं

गोपाल प्रिंटिंग प्रेस, भीलवाड़ा

27/4/64.

२६ मार्च को जयपुर चलो

राजस्थान विधान सभा के सामने

विराट जन प्रदर्शन

भाइयों,

राजस्थान के करोड़ों गरीब व सामान्य लोगों का जीवन आज भयंकर रूप से त्रस्त है। मंहगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार कीमतों पर रोक लगाने में एकदम नाकामयाब रही है। उल्टा आम लोगों पर लगातार टेक्सों का बोझा लाद रखा है।

वैसे तो यह सरकार जन विरोधी नीतियों और टेक्सों के लिये मशहूर है। पर जबसे देश में आपतकालीन स्थिति पैदा हुई है खुले आम भ्रष्टाचार और गर्दन तोड़ टैक्सों से जनता त्राहि त्राहि कर रही है। रोजमर्रा की चीजें तेल, गुड़, शक्कर, चीनी, टीनें मिलती ही नहीं। हजारों बोरे चीनी, टीनें किसान मजदूर और आम जनता के लिये आती है लेकिन अधिकारी लोग खा जाते हैं। गरीबों को जापे और बीमारी में भी चीनी नहीं मिलती है, आम जनता टीनों और चीनी और गुड़ के लिये जिला कलक्टर के दफ्तर के आगे सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। मगर उनको खाली हाथ ही लौटना पड़ता है। अनाज के भाव आसमान को चढ़ने लगे हैं और सस्ते अनाज के नाम पर सड़ा हुआ गेहूँ दिया जा रहा है। जनता का जान माल असुरक्षित है। पुलिस चोरों से साझा करती है, और राजनैतिक कार्यकर्त्ताओं को झूंठे षणयन्त्रों में फंसाती है।

किसान पर बढ़े हुए लगान व सरचार्ज की मार है। पुरुषार्थी किसान से वायदा खिलाफी की जाकर उसे लूटा जा रहा है। मजदूर को वाजिब तनख्वाह नहीं और बढ़ी हुई मंहगाई के बराबर भत्ता नहीं मिलता। बेरोजगरी लगातार बढ़ रही है। मध्यम वर्ग का मुलाजिम, व्यापारी सब मंहगाई व टेक्सों की मार से परेशान है।

इन हालतों के पैदा होने का कारण है सरकार की जन विरोधी नीतियां जो निहित स्वार्थों को तो रियायतें देती है और दूसरी ओर आम लोगों पर बोझ डालती है। समाजवाद का नाम लेकर वास्तव में इजारेदार पूंजिपतियों, राजाओं और नवाबों व जागीरदारों को रियायतें देने की नीति अपना रही है।

सरकार की इन जन विरोधी नीतियों से टक्कर लेने, उन्हें परास्त कर, निहित स्वार्थों पर चोट करने की नीति लागू कराने की मांगों के समर्थन में राजस्थान कम्युनिस्ट पार्टी, किसान सभा व ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने विधान सभा के सामने एक विराट प्रदर्शन का आह्वान किया है।

साथियों उपरोक्त जुल्मों के खिलाफ ता० २६ मार्च को विधान सभा के सामने विराट प्रदर्शन करने को हजारों की तादाद में जयपुर चलो। सभी साथी रेल से व मोटरों से व पैदल २६ मार्च को ८ बजे तक जयपुर पहुंच जायें।

मांगें

१. मंहगाई पर रोक लगाई जावे और आवश्यक वस्तुओं के भाव जौलाई १९६२ के स्तर पर लाए जाएं इसके लिये-
   (अ) अनाज का थोक व्यापार सरकार अपने हाथ में ले।
   (आ) किसान को उसकी पैदावार की वाजबी कीमत की गारण्टी की जाय।
   (इ) सस्ते और अच्छे अनाज की दुकानें जगह जगह खोली जावें।
२. मंहगाई के मुताबिक पूरा मंहगाई भत्ता दिया जाय। तत्कालीन राहत के रूप में मंहगाई भत्ते में १०) बढ़ाये जायें।
३. मंहगाई सूचक अंक सही आधारों पर तैयार किया जाय।
४. न्यूनतम वेतन ८०) रु. तुरन्त में लागू किया जाय। तीन वर्ष में इसे १०५) रु. कर दिया जाय।
५. आवश्यक चीजों पर सेल्स टेक्स में कमी की जाय।
६. किसानों के लगान में कमी की जाय। लगान को वैज्ञानिक आधार पर तय किया जाय तथा अलाभदायक जोत को लगान से मुक्त किया जाय।
७. किसानों पर लगाया गया सरचार्ज वापस लिया जाय।
८. जमीन के बारे में सरकार की नीति में आमूल परिवर्तन हो।
   (क) सरकारी जमीन भूमिहीन किसानों को बांट दी जाय।
   (ख) प्रोजेक्ट इलाकों में जमीन की नीलामी बन्द हो और भूमि भूमिहीन किसानों में बांट दी जाय।
   (ग) अलवर, भरतपुर के पुरुषार्थी किसानों का समझौता ठीक से लागू किया जाय। इसी आधार पर गंगानगर व राजस्थान के अन्य पुरुषार्थी किसानों से मसला तय किया जाय। अलवर भरतपुर के पड़ोदार किसानों को इसी आधार पर भूमि दी जाय।
९. प्रीवीपर्स बन्द की जाय। इसके लिये आवश्यक वैधानिक कदम उठाये जायें। मुफ्त दी जाने वाली राजाओं को बिजली पानी व अन्य सुविधाएं बन्द की जांय।
१०. बड़े जागीरदारों को मुआवजे का भुगतान १० वर्ष के लिये स्थगित किया जाय।
११. मोटर यातायात का राष्ट्रीयकरण तेजी से लागू किया जाय।
१२. राजस्थान के ऊन व भोड़ल का विदेशी व्यापार सरकार हाथ में ले।
१३. बैंक के राष्ट्रीयकरण के लिए कदम उठाये जाय।
१४. प्रशासन के खर्चे में कमी की जाय।
१५. भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाय। यह काम सार्वजनिक कमेटियों की देखरेख में दिया जाय।
१६. नागरिक अधिकारों पर हमले बन्द किये जाय खास कर पुलिस का अत्याचार बन्द किया जाय।

मोहम्मद	नन्दलाल वर्मा	नन्दलाल भंडारी	राजेन्द्रकुमार शर्मा
जिला बीड़ी मजदूर यूनियन भीलवाड़ा	राजस्थान खनिज मजदूर सभा भीलवाड़ा	जिला किसान सभा भीलवाड़ा	रोड ट्रांसपोर्ट मजदूर यूनियन भीलवाड़ा
दुर्गादास शराली	**भंवरलाल**	**कमरूद्दीन**	**रामस्वरूप भंडारी**
जिला कम्युनिस्ट पार्टी भीलवाड़ा	प्रतापनगर ब्रांच कमेटी कम्युनिस्ट पार्टी, भीलवाड़ा	रोड बिल्डिंग एण्ड ऐरीगेशन लेबर यूनियन, भीलवाड़ा	शहर कम्युनिस्ट पार्टी भीलवाड़ा

गोपाल प्रिंटिंग प्रेस, भीलवाड़ा

۶ مارچ سے ۱۲ مارچ تک بین الاقوامی ہفتہ
۷ مارچ کو ۵ امنٹ کا مظاہرہ کریئے

یہ ہفتہ دنیا بھر کے سوتی، سلائی، چمڑہ صنعت کے مزدوروں کی بین القوامی ٹریڈ یونین کمیٹی کے ذریعہ منایا جاتا ہے۔ اور اپنی مانگوں کیلئے طبقاتی اتحاد، جدوجہد اور کامیابی حاصل کرنے کے لئے بین القوامی مزدور اتحاد اور برادرانہ دوستی کا مظاہرہ کرتے ہیں۔

۳ مارچ کو مزدور سبھا میں ہونیوالی میٹنگ میں فیصلہ ہوا ہے کہ کوپرالین ونار تھ ولیسٹ ٹینری کے مزدوروں نے اپنی مانگیں کے لئے نوٹس دیا تھا اس پر مالک اور سرکار نے جو بے اختیار کر رکھی ہے اور مزدور مخالف پالیسی زوروں پر ہے۔ مالکان اپنی منافع خوری کیلئے بھرشٹاچار بڑھ رہا ہے۔ مزدور پر زبردستی اور تنخواہ کٹوتی جا تو ہے۔ بھرشٹاچاری افسران پھوٹ ڈال رہے ہیں۔ سرکار کے ۲۹ فروری تک سستے غلہ کی دکان کے فیصلہ کو ٹھکرا دیا ہے اسلئے کمیٹی نے مندرجہ ذیل کارروائی کرنے کا فیصلہ کیا ہے۔ اور مندرجہ بالا ہفتہ منانے کا طے کیا ہے۔

۶ مارچ کو ہر مزدور اپنی مانگوں کا بلّا لگائے گا۔

۷ مارچ چھٹی کے بعد ۲ بجے سے ۲ ۵ تک اپنے کارخانے کے دفتر کے سامنے ۵ امنٹ مظاہرہ کرینگے۔

۸ مارچ بروز اتوار ۲ بجے شام کو مزدور سبھا ہال میں سوتی۔ سلائی، چمڑہ صنعت کے مزدوروں مل کمیٹیوں اور یونین کے نمائندوں کی ایک میٹنگ ہوگی۔ جسمیں دنیا کے سوتی، سلائی، چمڑہ مزدوروں سے برادرانہ دوستی اور بڑھتے ہوئے ٹیکس، مہنگائی کے خلاف متحدہ جدوجہد کا فیصلہ کریں گے۔

۹ مارچ کو لکھنؤ میں اسمبلی ہاؤس کے سامنے مندرجہ بالا مانگوں کیلئے مظاہرہ میں شامل ہونگے۔

۱۰ مارچ کو شہر کی تمام دوسری یونینوں کے ذریعہ مہنگائی ٹیکس کے خلاف ہونیوالے مظاہرہ میں شامل ہونگے۔ ۶ مارچ سے ۲۱ مارچ تک ممبر بھرتی کرنے کی تیاریاں ہوگی۔

۲۲ مارچ کو چمڑہ مزدوروں کا ایک ڈیپوٹیشن شری ایس۔ ایم بنرجی کے رہنمائی میں پنڈت نہرو وزیراعظم کو درخواست پیش کرے گا۔

۲۵، ۲۶ اپریل سنہ ۱۹۶۴ء کو کانپور میں ایک چمڑہ مزدوروں کی کانفرنس ہوگی۔

دنیا کے مزدورو ایک ہو۔ انقلاب زندہ باد

(آواز وطن پریس پریڈ کانپور)

کوپرالین کمیٹی

کانپور ٹینری اینڈ لیدر ورکرس یونین

६ मार्च से १२ मार्च तक मज़दूर अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह
७ मार्च को १५ मिनट का प्रदर्शन करिये।

यह सप्ताह दुनियां भर के सूती, सिलाई, चमड़ा उद्योगों के मज़दूरों की वि-श्व ट्रेड यूनियन कमेटी द्वारा मनाया जाता है तथा अपनी मांगों के लिये वर्गी एकता, संघर्ष और कामयाबी प्राप्त करने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर एकता तथा भाई चारा का प्रदर्शन करते हैं।

३ मार्च को मजदूर सभा में होने वाली मीटिंग में फैसले हुए हैं कि कूपर एलन, नार्थवेस्ट टेनरी के मज़दूरों ने अपनी मांगों के लिये नोटिस दिया था इस पर सरकार व मिल मालिक ने चुप्पी साध रखी है और मजदूर विरोधी नीति आज भी चालू है, मालिक अपनी मुनाफा खोरी के लिये भृष्टाचार बढ़ा रहे हैं, मज़दूरों का शोषन बढ़ रहा है, मज़दूरी काटी जा रही है, भृष्ट अधिकारी फूट डाल रहे हैं, सरकार के २६ फरवरी तक गल्ले की दुकान खोलने के फैसले को ठुकरा दिया है, इस लिये कमेटी ने निम्न कार्य क्रम निर्धारित किया है और उपरोक्त सप्ताह मनाना तय किया है।

६ मार्च को हर मज़दूर अपनी मांगों का बिल्ला लगावे।
७ मार्च को छुट्टी के बाद ४ से ४ ¼ बजे तक अपने कारखाने के दफ्तर के सामने १५ मिनट बिल्ला लगा कर प्रदर्शन करें।
८ मार्च दिन इतवार ६ बजे शाम को मजदूर सभा भवन में सूती, सिलाई (टेन्ट) चमड़ा उद्योगों के मजदूरों, मिल कमेटियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक होगी जिस में दुनिया के सूती, सिलाई, चमड़ा मजदूरों में भाई चारा का प्रदर्शन किया जायगा तथा इस बढ़ते हुये टेक्स व मंहगाई के विरुद्ध संयुक्त संघर्ष का फैसला करेंगे।
९ मार्च को लखनऊ विधान सभा के सामने उपरोक्त मांगों के लिये परदर्शन करेंगे।
१० मार्च को नगर की तमाम यूनियनों द्वारा आयोजित मंहगाई, टेक्स विरोधी प्रदर्शन में सम्मलित होंगे।
६ मार्च से २२ मार्च तक सदस्यता पखवारा मनाया जायगा।
२२ मार्च को चमड़ा मज़दूरों का एक प्रतिनिधि मण्डल श्री एस. एस. बनर्जी एम. पी. के नेतृत्व में तमाम हस्ताक्षरों की याचिका पण्डित नेहरू प्रधान मंत्री को पेश करेगा।
२५-२६ अप्रैल को एक चमड़ा मज़दूरों का सम्मेलन करना तय हुआ है।

धन्यवाद

दुनिया के मजदूरो एक हो। ———— इनक़ेलाब जिन्दा बाद॥

कूपर एलन कमेटी
कानपुर टेनरी एन्ड लेदर वर्क्स यूनियन कानपुर (यू.पी.)

स्थापित १०-५-६१ रजिस्टर्ड नं० २२६२

सूती मिल मजदूर सभा।

सादाबाद गेट हाथरस

A. I. T. [illegible]
Received 908
Replied 6/6/64

पत्रांक [illegible] दिनांक [illegible]

(१)

सेवा में,

श्री मैनेजर साहब,

[illegible] मिल्स [illegible]

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि आपने अपने मिल को अनुचित व अवैधानिक ढंग से ता० १-६-६४ से बन्द करके भी श्रमिकों को उनका वेतन व मुआवजा आदि नहीं दिया और मिल मालिक [illegible] मिल के अन्दर से [illegible] हटा रहे हैं।

इस बीच [illegible] विवाद सं० २६ सन ६४ [illegible] औद्योगिक न्यायाधिकरण [illegible] के समक्ष विचाराधीन है इस कारण आप कानूनन तुरन्त भी मजदूरों का पूरा वेतन देने के अधिकारी हैं। किन्तु आपने इस वर्ष के [illegible] [illegible] [illegible] एजेन्ट [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] तथा [illegible] आदि के प्रयत्न करने से भी आप श्रमिकों को [illegible] देने को तैयार नहीं हैं और न उन [illegible] वेतन, मुआवजा, बोनस तथा छुट्टियों का पैसा ही दे रहे हैं।

(आगे)

स्थापित १०-५-६१ रजिस्टर्ड नं० २२६२

सूती मिल मजदूर सभा।

सादावाद गेट हाथरस

पत्रांक.................. (२) दिनांक [illegible]

अतः आप से अनुरोध है कि आप तुरन्त ही [illegible] को पूरा [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] करें।

प्रतिलिपि [illegible] प्रेषित

1- लेबर कमिश्नर कानपुर

2- रीजनल [illegible] अलीगढ़

3- श्रम [illegible] (उ०) [illegible] उत्तर प्रदेश

4- [illegible] (सेन्ट्रल) नई दिल्ली

भवदीय

[signature]

मंत्री

सूती मिल मजदूर सभा
हाथरस।

9/6/64.

[illegible]

:- ओ३म् :-

कार्यालय बुन्देलखण्ड मोटर कर्मचारी संघ

झांसी (यू० पी०)

पत्र संख्या ३६४/६४ रजिस्टर्ड नं० २५०२ दिनांक १३-७-१९६४ 13-7-1964

प्रेषक :-
प्रधान मन्त्री
बु० मोटर कर्मचारी संघ, झांसी

A. I. T. U. C.
Received 1224 16/7/64
Replied ....

सेवा में :- श्री मान जनरल सैक्ट्री अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन उत्तर प्रदेश ग्वाल टोली कानपुर।

आपका ध्यान आकृषित करते हुये लिखा जाता है कि झांसी जिले में कम से कम २०० मोटर ~~बसें हैं~~ बसें चलती हैं और जिनपर ६०० मोटर कर्मचारी काम करते हैं यहां के मोटर ओपरेटर के नाम एक एक बस का एक परमिट एक व्यक्ति के नाम दिया जाता है मगर सुपरवीजन एक व्यक्ति के पास दस दस मोटर बसों का है हमारे कर्मचारियों के लिये एक मोटर ट्रान्सपोर्ट एक्ट बना हुआ है मगर एक अर्से से लागू नहीं होता क्योंकि एक बस का एक मालिक है और एक बस पर ३ कर्मचारी ही काम करते हैं। मोटर ट्रान्सपोर्ट एक्ट ५ कर्मचारी होने पर लागू होता है इसकी वजह से यहां के सभी मोटर ओपरेटर मोटर ट्रान्सपोर्ट एक्ट से बच निकलते हैं। ऐसे कानून से हमारे संघ ~~को~~ के साथियों को कोई लाभ नहीं होता। अतः संघ इस बात की भारत सरकार से मांग करता है कि २ कर्मचारी रखने पर भी मोटर ट्रान्सपोर्ट एक्ट लागू होना चाहिये जिससे की आये दिन जो कर्मचारी नौकरी से पृथक कर दिये जाते हैं उसमें परिवर्तन होगा और कर्मचारियों को सहूलियत मिलेगी।

भवदीय [signature]
GENERAL SECRETARY,
Bundelkhand Motor Karmchari Sangh
JHANSI. 14-7-64

प्रतिलिपि प्रेषित

१- अखिल भारतीय ट्रेड्यूनियन ५ झंडा वालान रानी झांसी रोड दिल्ली।
२- लेबर कमिश्नर ए० आगरा।
३- श्री लक्ष्मनराम शर्मा एम० एल० ए० व अध्यक्ष बुन्देल खण्ड मोटर कर्मचारी संघ झांसी :लखनऊ:

at the meeting.
From the reports
in the Press
appears there is
good international
response to the
conference. I hope
some trade union
leaders will also
come.

Yours sincerely

Bijoy Bose

पोस्ट कार्ड
POST CARD
जवाबी
REPLY
केवल पता
ADDRESS ONLY

INDIA
भारत
6 nP

16 OCT 64

Sri Satish Loomba,
All India Trade
Union Congress
Jhandewalan
New Delhi

Kanpur
16. 10. 64.

A.I.T.U.C.
Received 17/10/64
Replied

My dear Loomba,

I have your notice for the trade unionists meeting on Oct. 17 to prepare for the World conference on Nov. 14.

I am busy conducting a strike in the Central Workshop of U.P. Govt. Roadways. Today is the 35th day of the strike. I am, therefore, unable to leave Kanpur. Do let me have the information about the decisions taken

मजदूरों की ये आवाज़

A. I. T. U. C.
Received 27/7/64
Sent

सस्ता गल्ला ले के रहेंगे
अब हम भूखे नहीं मरेंगे

Kanpur 1964

पैसा देने पर भी गल्ला व शक्कर नहीं मिलती

कानपुर में हाहाकार

जनता से अपील

"रोटी दो" या गद्दी छोड़ो का नारा बुलन्द कीजिये !

बन्धुओ,

आज कानपुर में गल्ले और शक्कर की हालात किसी से छिपी हुई नहीं है। एक तरफ गेहूँ, चावल और शक्कर पैसा देने पर भी मिल नहीं रहा है और दूसरी तरफ चीजों के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। सरकार की इस निकम्मी नीति से सारे देश में हाहाकार मचा हुआ है और वह दिन दूर नहीं है जब मां बाप अपने बच्चों को भूख और प्यास से तड़पते हुए देखेगे लेकिन क्या हम और आप एसा होने देंगे ? अभी दिल्ली में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में जो फैसले लिए गए थे वह केवल जनता को भ्रम में डालने के लिए थे। आज भी खुले आम जखीरे बाजी, चोर बाजारी और भ्रष्टाचारी दिन दहाड़े चल रही है। इस सरकार में हिम्मत नहीं कि इस अन्याय के खिलाफ ठोस कदम उठाये राशन की दुकानों में गल्ला या शक्कर नहीं है आधे से ज्यादा आदमियों को रोज निराश होकर वापिस आना पड़ता है। सरकार के ब्यानों से यह प्रतीत होता है कि इन सब समस्याओं का समाधान हो चुका है लेकिन असलियत कुछ और ही है।

इसका इलाज सिर्फ एक ही है

हम सब भाई बहिन एक होकर स्वर्गीय गनेशशंकर जी विद्यार्थी की परम्पराओं के आधार पर अपने बाल बच्चों को भूख से बचाने के लिए आवाज बुलन्द करें और गर्जती हुई आवाज में कहे कि **रोटी दो या गद्दी छोड़ो** ऐसी निकम्मी सरकार से जनता को कोई फायदा नहीं जो पैसा देने पर भी खाने को गल्ला न दे सके।

अविश्वास का प्रस्ताव

मैंने यह तय किया है कि सितम्बर सन् १९६४ में लोक सभा खुलते ही अविश्वास का प्रस्ताव प्रस्तुत करूँगा लेकिन इस प्रस्ताव का असर तभी होगा जब बाहर से जनता आन्दोलन करे।

अन्त में मैं अपने भाइयों और बहिनों से निवेदन करना चाहता हूँ कि वे राजनैतिक मतभेदों को भूलकर इस मसले को संयुक्त मोर्चा द्वारा उठाए और हर मुहल्ले में दाम रोको कमेटियाँ बनाए मीटिंग करे और मीटिंग के बाद जलूस निकाल कर **'रोटी दो या गद्दी छोड़ो" के नारे को बुलन्द करे** और सरकार को सस्ता अनाज देने पर मजबूर करे।

जयहिन्द

आप का भाई

एस० एम० बनर्जी

सदस्य लोक सभा

कमला टावर होशियार, हम सब फिर से हैं तैयार ॥

२४ जुलाई सन् १९६४ को विशाल जुलूस

24/07/1964

जे० के० रेयन में अशान्ति के बादल

कानपुर की जनता से अपील............

साथियों,

पिछले ५ वर्षों से जे० के० रेयन के श्रमिक अपनी उचित मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं किन्तु मैनेजमेन्ट उन्हें मानने के बजाय मजदूरों का बराबर दमन और शोषण करती आ रही है।

सन १९६२ में हुई ३ महीने की एतिहासिक हड़ताल के बाद मैनेजमेन्ट ने मजदूरों पर मनमाने जुल्म ढाने शुरू कर दिए, यह दौर अभी तक चल रहा है, गलत चार्जशीटें देना, मुअत्तिल करना, सालाना तरक्की रोकना आदि।

आज जब कि समस्त जन-जीवन बढ़ी हुई मंहगाई के कारण परेशान है, जे० के० रेयन का हेल्पर सिर्फ ६५) माहवार पा रहा है। हम चाहते हैं कि हमारी मांगों पर शीघ्र विचार किया जाय किन्तु मैनेजमेन्ट बराबर टालती जा रही है।

जे० के० आर्गनाईजेशन जैसा बदनाम संगठन जिस की हठधर्मी के कारण जे० के० जूट मिल में चल रही हड़ताल का कोई फैसला नहीं हो पा रहा है (हम सब इस लड़ाई में अपने मजदूर साथियों का पूर्ण समर्थन करते हैं)।

मैनेजमेन्ट के वर्तमान रवैये के कारण जे० के० रेयन में मजदूरों का असन्तोष अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया है। हम लेवर कमिश्नर एवं मैनेजमेन्ट से यह निवेदन करते हैं कि हमारी मांगों पर शीघ्र ही सहानुभूति ढंग से विचार करते हुए समझौता करें अन्यथा उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की अशान्ति का उत्तरदायित्व उन्हीं पर होगा।

कानपुर की बहादुर जनता से हमारी अपींल है कि वह वर्तमान मँहगाई संकट (जिसे सरकार एवं पूँजीपतियों ने मिलकर पैदा किया है) और अपनी माँगों के संघर्ष में हमारी सहायता करें।

हमारी माँगें :—

(१) २५ पैसे प्रतिरुपये के हिसाब से १९६३ का बोनस बांटा जाय।
(२) बढ़ी हुई मंहगाई को देखते हुये कम-से-कम २०) प्रतिव्यक्ति बढ़ाया जाय।
(३) निकाले हुये सभी साथी वापस लिए जाँय।
(४) जे० के० रेयन वर्क्स यूनियन को मान्यता प्रदान कीं जाय।

नया जमाना आयेगा ! कमाने वाला खायेगा ! ! लूटने वाला जायेगा ! ! !

जे० के० रेयन वर्क्स यूनियन — जिन्दाबाद

कमला टावर होशियार, हम सब फिर से हैं तैयार ॥

मजदूर एकता — जिन्दाबाद

एस० एम० बनर्जी (एम० पी०) — अध्यक्ष
मनोहरलाल (सभासद) — उपाध्यक्ष
ओ० पी० दीक्षित — महामंत्री

शिवराम सिंह कुशवाहा — कोषाध्यक्ष
पति राखन सिंह — अध्यक्ष संघर्ष समिति

विजय बहादुर सिंह, अमरनाथ मिश्रा (टेक्स), जे० सी० निगम, रामनाथ पाण्डेय (स्पि०)
ओ. पी. बाजपेई (विस्कोश), किशनलाल चावला (गंगाघाट), जगतनरायण त्रिवेदी (के.डी.)
राम सेवक सिंह (स्पि० बाथ०)

सदस्य संघर्ष समिति

जे० के० रेयन वर्क्स यूनियन कानपुर।

-: ओ३म् :-

कार्यालय बुन्देलखण्ड मोटर कर्मचारी संघ

झांसी (यू० पी०)

पत्र संख्या 323/64 रजिस्टर्ड नं० २५०२ दिनांक 26.7.1964

1427 29/7/64

प्रेषक :-

प्रधान मन्त्री

बु० मोटर कर्मचारी संघ, झांसी

सेवा में :-

आदरणीय कामरेड

अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस

५ झण्डेवालान

रानी झांसी रोड नई देहली ।

विषय:- संख्या ५०२०१ट्र-७-३२ दिनांक मई ६४ कार्यालय रजिस्ट्रार ट्रेड यूनियन्स उत्तर प्रदेश कानपुर जो सहायता संबंधी उपलब्ध हुआ है कि पूर्ति हेतु आप की सिफारिश ।

उपरोक्त सर्कुलर हमारे कार्यालय में प्राप्त हो चुका है अतः हमारी यूनियन भी उपरोक्त पत्र द्वारा अंकित कार्य संचालित करना चाहती है जिसकी सूचि तथा डिमान्ड लिस्ट पत्र के साथ संलग्न है । आशा है आप हमारे कार्य को ~~[illegible]~~ सम्पादित कराने हेतु प्रयत्नशील होंगे । तथा अपने कार्यालय द्वारा हमारे पत्र पर जोरदार सिफारिश कर हमें, हमारे साथियों तथा यूनियन को अनुगृहित करेंगे ।

Replied

निवेदक

GENERAL SECRETARY,

Bundelkhand Motor Karmachari Sangh,

JHANSI. 26-7-64

श्री मान Aitue ने इकट्ठा

A. I. T. U. C.
Received 10/8/64
Replied...

जिलाधीश महोदय से अपील

श्रीमान जी,

बुन्देलखण्ड मोटर कर्मचारी संघ झांसी ने कुछ मागों को लेकर २७ जुलाई १९६४ से आन्दोलन चला रक्खा था। इस आन्दोलन के दौरान २८ जुलाई को संघ के २१ सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने धारा ५०४, १५१ व ३४२ के अन्तरगत गिरफ्तार कर लिया था।

दिनांक ३१ जुलाई को लगभग ४ बजे शाम स्थानीय सिटी मजिस्ट्रेट के अकथ प्रयास के कारण मोटर कर्मचारियों और मालिकों के मध्य सी० एम० श्री डरवाल की मौजूदगी में एक ऐसा समझौता हुआ जिसके अन्तर्गत मालिकों और कर्मचारियों के हृदय में एक दूसरे के प्रति कटुता के स्थान पर सदभावनायें जागृत हुई। निकाले हुए कर्मचारियों को काम पर वापिस लेने का आश्वासन यूनियन द्वारा क्लेम की गई हरजाने की राशि के देनेका वायदा व आन्दोलन के दौरान कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही न करने की मालिकों की नीति ने आम मोटर कर्मचारियों पर कार्यवाही न करने की मालिकों की नीति ने आम मोटर कर्मचारियों के हृदय में उत्साह भर दिया और उन्होंने मोटर मालिक एकता जिन्दावाद के नारे लगाये।

अब हमारी भी आप से अपील है कि आप उक्त मुकद्दमा जो कि पुलिस द्वारा २७ जुलाई को दर्ज किया था उसे वापिस लेने की कृपा करे। क्योंकि सदैव ऐसा देखा गया है आन्दोलन के दौरान अगर पुलिस उक्त कार्यवाही करती है तो समझौता के बाद कतिथ ऐसे कार्य सरकार द्वारा वापिस ले लिये जाते हैं।

ता०.......

प्रार्थी—
मैथलीशरण रावत
बुन्देलखण्ड मोटर कर्मचारी संघ झांसी।

आशा प्रिंटिंग प्रेस झांसी।

सांस्कृतिक :- १. महापुरुषों की जयन्तियां मनाना एवं उनके जीवन चरित्रों पर विद्वानों द्वारा प्रकाश डालना : विद्वानों के बुलाने इत्यादि की व्यवस्था हेतु ४००: अंक में : चार सौ रुपया ।

म्यूजिक इन्स्ट्रूमेन्ट हेतु

सामाजिक :- हन्टर एवं आउट डोर खेलों की प्राप्ति हेतु :- संगीत वाद्य यंत्रों हेतु
:अ: युवक क्रीड़ा दल की स्थापना सामान हेतु :- ६०० रुपया ।

:ब: देश विदेश के बारे में जानकारी प्राप्त करने के हेतु ~~रेडियो तथा~~
रेडियो तथा समाचार पत्र पत्रिकायें ।
एवं पुस्तकालय के लिये । अनुमानित व्यय ४००) चार सौ रुपया

शैक्षिक उत्थान :- अछूत साथियों के लिये प्रौ० पाठशाला जिसमें फर्नीचर प्रकाश व्यवस्था पठन, सामग्री :- ८०० रुपया ।
ब, फीस , पठन सामग्री व्यवस्था आदि पर अनुमानित व्यय ८००)
आठ सौ रुपया होगा।

कर्मचारी ... मोटर स्टैण्ड, झाँसी
दिनांक 26.7.61

A. I. T. U. C.
Received 1361 11/2/64.
Replied........

रजिस्टार सा०

ट्रेडयूनियन्स मध्य प्रदेश इन्दौर

बिषय :- ट्रेड यूनियन एक्ट सन् १९२६ कि धारा २० और ट्रेड यूनियन मध्य प्रदेश सरकार की धारा 32 के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु।

महानुभाव जी,

मै सुमेश्वर वल्द हनुमान दीन जाति कहार पो० आ० मनुक पुर. मुकाम पटौरा बस्ती जिला शहडोल मध्य प्रदेश ऐसा जो कि निवेदन पेश करता हूँ। कि मै बुढार - कालरी मजदूर संघ का मेम्बर नही हु परन्तु मेरे - मामले को बुढार कालरी मजदूर संघ ने कनसीलेसन के लिये जबलपुर भेज दिया है। मुझे तारीख आने पर पता चला है। पूर्ण मामला व असल कागजात मजदूर सभा बुढार कालरी के पास है। और मै उन को सदस्य हूं मेरी इस निवेदन द्वारा आप से अनुरोध है। कि उपरोक्त लिखित धारो को मध्य नजर रखते हुए कार्यवाही करेंगे। कार्यवाही की सूचना देगें

दि० १८ ३ ६० निवेदक सुमेश्वर कहार

सेवा में कन्सीलेशन सा०
जबलपुर

महानुभाव जी,

निवेदन है कि मेरा मामला कुदार कालरी मजदूर सभा ने आपके कार्यालय में कन्सीलेशन हेतु भेजा है मैं इस निवेदन द्वारा आपको सूचित करता हूं कि मेरे असली कागजात मजदूर सभा कुदार कालरी के पास है मुझे यह समझ में नहीं आता है कि मैं कुदार कालरी मजदूर सभा का सदस्य भी नहीं हूं और इस मामले को किस तरह उन्होंने आपके पास भेजा है। अतः मेरी आपसे निवेदन है मेरे मामले की पैरवी कुदार कालरी मजदूर सभा करेगी क्योंकि मैं उसका सदस्य हूं।

लिहाजा इसकी सूचना मैं धारा 20 ट्रेड यूनियन एक्ट सन् 1926 के अनुसार और धारा 32 ट्रेड यूनियन मध्य प्रदेश की कार्यवाही धारा के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु रजिस्ट्रार सा० ट्रेड यूनियन मध्य प्रदेश सरकार इन्दौर को कार्यवाही के हेतु भेज रहा हूं।

मुझे आपसे आशा है कि आप उचित कानूनी कार्यवाही करेंगे।

दिनांक 26.3.68

आवेदक
ईश्वर प्रसाद

To

1224 41464

The Registrar of Trade Unions,
Uttar Pradesh,
K A N P U R.

Sir,

I have to inform you that the following office bearers of the Hosiery Mazdoor Union, Saharanpur, have been elected unanimously for the year 1964-65 in its General meeting held on dated 25/6/64.

Kindly register the list and oblige.

Designation.	Name.	Age.	Address.	Occupation.
1. President.	Ravindra Nath Angrish.	29 yrs.	Janakpuri, Saharanpur.	T.U.Worker & Medical (Practitioner).
2. Vice President.	Nihal Ahmad.	37 yrs.	Mohalla Khalapar, Saharanpur.	Hosiery Worker.
3. -do-	Mohd.Hasan Peerji.	45 yrs.	-do-	-do-
4. General Secretary.	Abdul Lateef.	29 yrs.	Mohalla Khumran, Saharanpur.	-do-
5. Joint Secy.	Anwar.	22 yrs.	Khanalampura, Saharanpur.	-do-
6. Jt.Secy.	Mumtaz.	23 yrs.	Khalapar, Saharanpur.	-do-
7. Treasurer.	Karimuddin.	36 yrs.	-do-	-do-
8. Member Executive.	Asgar Ali.	34 yrs.	-do-	-do-
9. -do-	Mohamood.	37 yrs.	-do-	-do-
10. -do-	Mohd. Yaqub.	36 yrs.	-do-	-do-
11. -do-	Abdul Majeed.	45 yrs.	-do-	-do-
12. -do-	Zaheer Ahmad.	23 yrs.	Naya Bans, Saharanpur.	-do-
13. -do-	Tahaseen Ahmad.	22 yrs.	Khalapar, Saharanpur.	-do-
14. -do-	Noor Ahmad.	27 yrs.	Naya Bans, Saharanpur.	-do-
15. -do-	Mohd. Hanoof.	33 yrs.	Khalapar, Saharanpur.	-do-

Yours Faithfully,

(Abdul Lateef),
General Secretary,
Hosiery Mazdoor Union Regd.,
Saharanpur.

Dated : 30-6-1964.

Copy to:
1) The Distt. Magistrate, Saharanpur.
2) The Asstt. Labour Commissioner, Meerut.
3) Addl. Regional Conciliation Officer, Saharanpur.
4) The City Magistrate, Saharanpur.
5) The Superintendent of Police, Saharanpur.
6) The Secy. Hosiery & knitting Association, Saharanpur.
7) The Secretary, All India Trade Union Congress, New Delhi.

HOSIERY MAZDOOR UNION Registered.

A. I. T. U. C.
Received 1274 4/7/64
Replied........................

श्रीमान जिलाधीश महोदय , कानपुर ,

महोदय,

मै आपका ध्यान जूही थाना के दरोगा जी श्री वर्मा के दुर्व्यवहार की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं ।

दिनांक १६-५-६४ को जे० के० रेयान वर्कर्स युनियन के आफिस मंत्री श्री पतिराखन सिंह , युनियन के उपमंत्री श्री बृजमोहन जी यादव के घर उदन गढ़ी युनियन के आवश्यकीय कार्यवश गये हुये थे । श्री पतिराखन सिंह के पहुचने के कुछ ही देर के पश्चात पुलिस सब इन्सपेक्टर (जूही पुलिस चौकी) श्री वर्मा ६-७ पुलिस के सिपाहियों को लेकर श्री बृजमोहन के घर पहुच कर दरवाजा खोलने को कहा , श्री बृजमोहन ने साधारणतय दरवाजा खोल दिया , तत्पश्चात पुलिस वाले गाली गलौज करते हुये श्री वर्मा साहब के के नेतृत्व में घर के अन्दर तक घुस गये और घर की औरतों के सामने श्री वर्मा साहब अश्लील गाली गलौज करने लगे । जिसपर युनियन के आफिस मंत्री श्री पतिराखन सिंह ने श्री वर्मा साहब को ऐसा करने से रोका , जिससे नाराज होकर श्री वर्मा साहब श्री पतिराखन सिंह को जबरन पुलिस के जरिये थाने ले गये , जहां पर कि थाना इन्चार्ज श्री आस्तिक , वर्मा साहब अन्य पुलिस के कर्मचारियों ने श्री पतिराखन सिंह को लात घूसों ,, बेतो से मारा और मार पीट कर खद्दर की कमीज जबरन उतरवा कर ता० हि० की धारा १७१ के अन्तर्गत बन्दकर दिया ।

श्री वर्मा साहब ने , श्री आस्तिक साहब बराबर यह कह रहे थे कि साले यहां नेतागीरी नहीं चलेगी और अभी क्या हुआ अभी तो तेरी युनियन के अन्य नेताओं की नेतागीरी भी देखूंगा । स्मरण रहे कि श्री पतिराखन सिंह के पास युनियन के अति आवश्यकीय कागजात , झोला , फाउन्टेनपेन , एक साइकिल एक कपड़े कमीज का कपड़ा , युनियन का चन्दा ५२-३४ नये पैसे तथा युनियन

(कृ०प०उ०)

आफिस की चाबियां आदि सामान मारने पीटने के बाद जबरन ले लिया गया है । इस काण्ड की जांच शहर के संसद सदस्य श्री एस .एम.बनरजी एम.पी. ने स्वंय जाकर की तथा असलियत से एस.पी. सिटी श्री जे.एन. अवस्थी साहब को अवगत करा दिया गया है ।

जब कि श्री पतिराखन सिंह की विचार धाराओं से सभी उच्चाधिकारी जनता जनार्दन भली भांति परिचित है । आपका प्रमुख कार्य सदैव अत्याचारों से लड़ना रहा है ।

अत: मै आप से निवेदन करूंगा कि तत्काल निष्पक्ष जांच की जाये. व अन्यथा हमारी जे० के० रेयान वर्कस यूनियन उपरोक्त श्री वर्मा साहब , आस्तिक के खिलाफ संसद भवन , विधान सभा , तिलक हाल के सामने अनसन करेगी ।

प्रतिलिपि

१- श्री गृहमंत्री भारत सरकार दिल्ली ।
२- श्री गृहमंत्री , यू०पी० सरकार , लखनऊ ।
३- श्री अध्यक्ष लोक सभा दिल्ली
४- श्री एस.एम. बनरजी , एमपी०
५- श्री मंत्री , ए० आई० टी० यू०सी०
६- श्री रजिस्ट्रार ट्रेड यूनियन कानपुर यू०पी
७- श्री लेबर कमिश्नर , यू०पी० कानपुर
८- श्री एस० एस०पी० कानपुर ।

निवेदक

ओ०पी० दीक्षित , मंत्री ,
जे०के० रेयान वर्कस यूनियन जाजमऊ
कानपुर ।

No.153/K/64
6 July 1964

To,

The Collector,
District Kanpur,
Kanpur, (U.P.)

Dear Sir,

It has been brought to our notice that on 16th May 1964 Shri Pati Radhan Singh, Office Secretary, J.K. Rayon Workers' Union, Kanpur, was man handled, abused and taken to police station, Juhi. It is stated that there Shri Singh was beaten by the police officials and papers and the cash Shri Singh had on his person was forcably taken. This is a serious incident and requires immediate and thorough investigation and punishment to the guilty.

The A.I.T.U.C. demands immediate action in the matter and your personal intervention.

Yours faithfully,

(K.G. Sriwastava)
Secretary

Copy to the Secretary, J.K. Rayon Workers Union,
Jajmau, Kanpur.

A.I.T.U.C.
9-7-64

दुनिया के मजदूरो एक हो - सारा संसार हमारा है !

कर्मचारी राज्य बीमा कार्पोरेशन के दफ्तर मोदीनगर द्वारा मजदूरों पर ढाये जा रहे अत्याचार और भ्रष्टाचार को रोकने और उखाड़ फेंकने के लिए

श्रमिक अधिकार रक्षा संघर्ष परिषद की

समस्त गोविन्दपुरी और मोदीनगर के मजदूरों से एक जुट होने की अपील :

हकूमत से जबरदस्त प्रोटेस्ट :

हिन्दोस्तान के होम मिनिस्टर माननीय श्री गुलजारीलाल नन्दा जी साहिब ने हरदिल अजीज वजीर ए आजम पं० जवाहरलाल नेहरु के जमाने में, जिस वक्त वजारत ए दाखिला के ओहदे का हलफ उठाया था तो आपने एलान किया था दो बरस के अर्से के अन्दर भ्रष्टाचारी रुप के राक्षस को खत्म कर दूंगा वरना अपना ओहदा छोड़ हमेशा-हमेशा के लिये सियासत से मुस्तफी हो जाऊंगा ।

दुर्भाग्य से, हमारे मुल्क पर कहर नाजिल हुआ आलमी अमन का देवता, दुनिया की गुलाम इन्सानियत की आजादी का निशान, उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद विरोधी जंग का सिपहसालार, गैर वाबस्तगी की विदेश नीति का जन्म-दाता, गरीबों का प्यारा बेकशों का सहारा समाजवाद का अलम्बरदार पं० जवाहरलाल नेहरु को इत्फाकन हमारे बीच से छीन लिया गया । हमारा मुल्क एक अग्नि परीक्षा के दौर से गुजर रहा है । देश में भ्रष्टाचारी शासन और शासन पर पूंजीवाद का शिकंजा और पूंजीपतियों की दुनिया के सबसे गंदे और क्रूर, हबिश का दिवाना अमरीकी जंग-बाज साम्राज्य से सांठ गांठ और दूसरे निर्लज्ज साम्राज्यवादी देश ब्रिटेन इत्यादि से मेल जोल ने मुल्क की आजादी को गम्भीर संकट में डाल दिया है । सरे आम कश्मीर पर साजिश रची जा रही है और नागालैण्ड में माइकेल स्काट जॉन पादरी की शक्ल में भेड़िये राष्ट्रीय अखंडता को खतरा बन गऐ हैं । देश की आजादी और राष्ट्रीय एकता को बरकरार रखने के लिए एकता प्रगति शान्ति समाजवाद के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अत्याचार भ्रष्टाचार पूंजीवाद साम्राज्य-वाद से हमारी जंग चाहे कितनी लम्बी क्यों न चले और हमें कितनी भी बड़ी कुर्बानी देनी पड़े । हमें स्वर्गीय राष्ट्रीय नेता पन्डित जवाहर लाल नेहरु के स्वप्नों का भारत बनाना है ।

दिगंत राष्ट्रीय नेता पं० नेहरु जी के जाँनशीन माननीय शास्त्री जी ने स्वर्गीय नेता के पदचिन्हों पर चलने का कौम के साथ वायदा किया है कि स्वर्गीय नेता द्वारा निर्धारित देश तथा विदेश नीति पर सरकार चलेगी ।

सुन लीजिये शास्त्री जी और नन्दा जी ! बहुत दिन हो गए हैं भ्रष्टाचार और अत्याचार की चक्की में पिसते । हमारे सब्र का पैमाना लबरेज हो गया है । हम कंगाली और भुखमरी को बर्दाश्त नहीं कर सकते, मेहनतकश जनता शान्ति और समाजवाद की प्राप्ति के लिए हर कुर्बानी को तैयार हैं । हम गोविन्दपुरी और मोदीनगर के मजदूरों को ई. एस. आई. दफ्तर में अत्याचार और भ्रष्टाचार की चक्की में पीसा जा रहा है । इस दफ्तर का निरंकुश मैनेजर जो कि अपने को देहली कांग्रेस का मशहूर नेता चौ० ब्रह्मप्रकाश को अपना रिश्तेदार बतलाता है साक्षात नादिरशाह तैमूरलंग चंगेज खाँ और हलाकू का अवतार है जिसमें अत्याचार ढाने और भ्रष्टाचार करने की सम्पूर्ण कला है ही चरित्रहीन अव्वल दर्जे का है । ई. एस. आई. दफ्तर मजदूरों की खिदमत करने के बजाय कारखानेदारों और मिल ओनर की सेवाएँ कर मेवाएँ खाता है याने बाड़ खेत को खा रही है । जबकि सरकार को करोड़ों रुपये की आमदनी इस महकमे से मजदूरों की लूट खसोट करके प्राप्त करती है और हित लाभ में भ्रष्टाचार और अत्याचार मजदूरों को सरकारी मशीनरी प्रदान करती है

ई. एस. आई. दफ्तर मोदीनगर में पहले जूआ खेला जाता था। इस दफ्तर के मैनेजर दफ्तर में कन्हैया जी की तरह गोपियों से रात्रि को अक्सर रास लीला करते हैं और इनके भक्तगण मैनेजर साहिब को नई दिल्ली में रंगरेलियाँ कराने और सोमरसों का पान कराने का यदा कदा दिल्ली के बड़े-बड़े होटलों में ले जाया करते हैं। यह हजरत मोदी सेठ की कोठी में रहते हैं और इन महानुभाव के यहाँ कुछ महिने पहिले लड़की की शादी थी तो गोविन्दपुरी और मोदीनगर के कारखानेदारों और मिलओनर ने अपने कारखाने व मिल की बनी लाखों रुपयों की चीजें सौगात में भेंट की थी और नकदी दक्षणा कन्यादान में अलग। इसके अलावा कारखानेदारों और मिल ओनर ने अठाईस रेडियों और अठारह सिलाई की मशीनें बाजार से खरीद कर कन्यादान में दी हैं।

क्या गनरेबुल नन्दा साहिब यह भ्रष्टाचार नहीं है ?

(क) ई. एस. आई. दफ्तर में महिनों महिनों मजदूरों को हित लाभ नहीं दिया जाता। जो दक्षिणा दे देते हैं उन्हें तुरन्त हित लाभ प्रदान कर दिया जाता है।

(ख) दक्षिणा लेने के सबब से फाईलों को जान बूझ कर गुम कर दिया जाता है।

(ग) बहुत से मजदूरों को इसलिए परेशान किया जाता है कि रेट फार्म भरकर नहीं आया। जबकि ड्यूटी ई. एस. आई. दफ्तर की है कि रेट फार्म भरके मंगवावे। कारखानेदारों की साँठ गाँठ से मजदूरों को परेशान किया जाता।

(घ) मैनेजर ई. एस. आई. व दूसरे अधिकारीगण मजदूरों को तंग करने के लिए झूठी कानूनी सलाह कारखानेदारों को बतला, मजदूरों को झूठे इलजामों में फसवाने की तरकीबें बतला अनैतिक एवं मुजरिमाना हरकतें करते हैं।

(च) यदि कोई मजदूर गाँव में बीमार पड़ जाता है तो वहाँ अपनी चिकित्सा वैद्य हकीम अथवा डाक्टर से करवाता है। वापिस आकर मैडीकल सर्टिफिकेट मैनेजर को देने पर, मैनेजर धारा ५३ के अर्न्तगत बगैर भेंट पूजा लिए हित लाभ देने से इन्कार करते हैं। चालीस प्रतिशत हित लाभ में से मजदूर प्रदान करदे तो उसे हित लाभ प्रदान कर दिया जाता है।

ई. एस. आई. दफ्तर मोदीनगर द्वारा ढाये जा रहे मजदूरों पर अत्याचार एवं भ्रष्टाचार से मजदूर बदजन है। इस दफ्तर की नाजायज कार्यवाहियों के सिलसिले में गोविन्दपुरी और मोदीनगर में मशहूर मजदूर रहनुमा कोमरेड हरिशंकर शर्मा से गाजियाबाद आयरन एन्ड स्टील वरकर्स एसोसिएशन के दफ्तर ६४ गोविन्दपुरी में बातें की तो कोमरेड हरिशंकर शर्मा ने हमें वचन दिया कि श्रमिक अधिकार रक्षा संघर्ष परिषद मजदूरों के न्यायपूर्ण अधिकारों की प्राप्ती के लिए जो भी कदम उठायेगी यानी जल्से, जूलूस शान्तिपूर्वक प्रदर्शन एवं हड़ताल, भूख हड़ताल, तहे दिल से हर मुमकिन कोशिश इमदाद की जावेगी। हमारा वही रास्ता जो पन्जाब की जनता का रास्ता याने जो हश्र कैरों का हुआ व कैरों के लैफ्टीनैंटों का वही हश्र ई. एस. आई. के मैनेजर का होना चाहिये व इसके लैफ्टीनैंटों का। तभी हम मजदूरों को इस लानत से मुक्ति मिलेगी। अतः समस्त गोविन्दपुरी और मोदीनगर के मजदूरों को श्रमिक अधिकार रक्षा संघर्ष परिषद आवाहन करती है कि हमारे ऊपर जो यह लानत हकूमत ने जो लाद रखी है इस लानत को हटाने और उखाड़ फेंकने के लिए एक हो आगे बढ़ो और अपनी जीत हासिल करो।

अन्त में, श्रमिक अधिकार रक्षा संघर्ष परिषद हकूमत से यह उम्मीद रखती है कि ई. एस. आई. दफ्तर मोदीनगर के करप्ट मैनेजर व इस दफ्तर के पूरे अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही कर मजदूरों को राहत प्रदान कर दिवंगत राष्ट्रीय नेता की आत्मा को शान्ति प्रदान करेगी।

गोपाल दत्त प्रेजीडेन्ट
श्रमिक अधिकार रक्षा संघर्ष परिषद
गोविन्दपुरी (मोदीनगर)

नेशनल प्रेस, गाजियाबाद, फोन नं० २७२५।

कानपुर टेनरी एण्ड लेदर वर्कर्स यूनियन

کانپور ٹینری اینڈ لیدر ورکرس یونین

KANPUR TANNERY & LEATHER WORKERS' UNION

(AFFILIATED TO AITUC & WFTU)

President : SHIV SHARMA
Gen. Secy. : MAHESH CHANDRA NIGAM

12/1, Gwaltoli,
KANPUR

A.I.T.U.C.
Received 1267 18/7/64
Replied ....

Ref. No. .... DATED 15th July '64

FOR INFORMATION

A meeting of Elgin and Cooper Allen workers under the auspices of Kan pur Tannery and Leather workers Union was held on 15th July at Mazdoor Sabha Bhawan presided by Com. Shri Ram Vice president of S.M.M.S., where inthe following resolution was passed;-

This meeting welcomes the decision of A.I.T.U.C. to celebrate 26th July as Nehru Memorial Day in cooperation with All India Peace Committee. Today the biga traders and monopolists have on the one hand combined to create the price spiraland develop near famine conditions, and on the other they are financing and supporting reactionary parties and individuals to fight against the polices of nonalignment, peace, abolition of colonialism and reacialism, seculariesm, friendship with Soviet Union etc. that is, against all that Pandit Nehru symbolized. And to cover up the anti-Nehruite nefarious deeds the big businessmen are paying handsome donations, out of their ill gotten wealth, to the Nehru Memorial fund. Therefore, it is the duty of working class to defend the policies and ideals of Nehru, which alone can be true memorial to Nehru, and expose the enemies of pease, democracy, and socialism.

The meeting decides to give full cooperation to Kanpur peace committee to celebrate 26th July, 1964 as Nehru Memorial Day in Kanpur in a befitting manner.

S. Sharma
(SHIV SHARMA)
PRESIDENT KANPUR TENNERY & LEATHER WORKERS
KANPUR.

Copy to ;-

1. A.I.P.C.DELHI,
2. A.I.T.U.C.DELHI,
3. KANPUR PEACE COMMITTEE.

No. 101/K/64
20 July 1964

To,

The General Secretary,
Kanpur Mazdoor Sabha,
12/1, Gwaltoli,
Kanpur.

Dear Comrade,

Application for affiliation of your union dated 17th July 1964 was received in this office direct. The papers are incomplete. The copies of Rules and Regulations, ~~the last annual report, the audited Balance Sheet for the year 1963-64~~ and the names of the present office bearers of the union have not enclosed to the application form.

The application also has no remark of the U.P. State Committee of AITUC in the column provided for it. As such it has been sent to the U.P. State Committee for their remarks. Please send the necessary papers to the U.P. State Committee of AITUC so that it can send your complete application with their remarks to us for further steps.

Usually the papers for affiliation of the union are sent through the State Committee and advance affiliation fee is sent directly to AITUC. In this case we have not received any advance affiliation fee.

With greetings,

Yours fraternally,

(K.G. Sriwastava)
Secretary

Copy to U.P. STUC, for information.

बनारस प्रेस मजदूर सभा

Phone :

Banaras Press Mazdoor Sabha

(Regd No. 1008)

प्रमाणित कार्यालय
४२/५४ चाहमहमा, वाराणसी।
42/54 Chahmahama, Varanasi.

A. I. T. U. C.
Received 1623 10/8/64
Replied ....

Ref. No. 302/64

Date 17th July 1964

To
The Secretary
All India Trade union Congress
New-Delhi.

Sub: Wage Board for non journalist.

Dear Sir,

With reference to the above subject as per direction of the A.I.T.U.C and U.P. State Press workers Federation I am forwarding the following information:

1. Name of the union & address of Banaras Press Mazdoor Sabha, 42/54 Chahamema Varanasi

2. Registration No: 1008, date of Registration 1st Dec. 1951

(3) Name of the Newspaper establishments in which functioning: 'Aj' Hindi Daily, Proprietor: M/S Gnanamandal Ltd, Kabir Caurahe, Varanasi, (2) Sanmarg daily, proprietor, Dharma Mandal Trust, Durga Kund, Varansi.

(4) Membership as on March 31, 1963 = 93 (Aj),
" " " " " = 15 (Sanmarg)

(5) Affiliated with All India Trade union Congress; affiliation No: 66/U.P.

I am sending attached herewith other information in a chart.

It is to request you to take necessary action for our Representation in the

(2)

for non journalist and our case may not go by default, Our union is an old one and affiliated with A.I.T.U.C and U.P.T.U.C.

Thanking you.

yours faithfully,
B. Mukherji
(B. Mukherji
Senior Vice President
for President

Ref. 304/64   dated 17.7.64.

Copies forwarded for necessary information & necessary action please to

(1) The Secretary
All India Newspaper Employees Federation
Kamla Market, New-Delhi.

(2) Sri Ramesh Srivastava, Secretary
U.P. ~~State~~ Press Workers Federation, U.P.
Husainganj Bazar, Lucknow.

Senior Vice President
for President.

Chart = Jnanamandal Ltd.
Varanasi

Year	Circulation Receipts Rs	N.P.	Advertisement Receipt Rs	N.P.	Miscellaneous Receipts Rs	N.P.	Total Receipt Rs	N.P.	Total Wages ~~non journalist~~ bill for Journalist & non Journalist Rs	N.P.	Non Journalist employees
Sowra Sambat 2017 (1960-61)	628686	20	535420	67	249915	65	1414022	52	375786	75	148
2018 (Sowra Sambat) 1961-62	717284	86	559999	44	239357	21	1509641	51	307786	94	149
2019 (Sowra Sambat) (1962-63)	8599250	00	553820	30	212373	59	1626118	89	467651	64	152

B. Malviya 9/7
Vice-President

17/8/64

हम अपना अधिकार मांगते है ! हमें जिन्दा रहने के लिये पूरा वेतन दो।

सरकार अपने किये हुए वायदे पूरे करे।

यू. पी. पी. डब्लू. डी. एम्पलाइज यूनियन

(आगरा—ब्रांच)

१०२ शिवाजी मार्केट, आगरा।

(दिनाङ्क ९ अगस्त ६४ रविवार को ११ बजे)

आम सभा एवम् वार्षिक चुनाव

साथियो

दिनांक ९ अगस्त रविवार को प्रातः ११ बजे शिवाजी मार्केट में पी० डब्लू० डी० के कर्मचारियों की आम सभा एवम वार्षिक चुनाव होने जा रहा है इसलिये सभी साथियों से प्रार्थना है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों के लिये आवाज बुलंद करें।

बढ़ती हुई मंहगाई एवं मंहगाई भत्ता :—आज जबकि मुनाफाखोरों ने खाद्यान्न तथा जीवनोपयोगी वस्तुओं के भाव अपनी सीमाओं को लांघकर आसमान पर पहुँचा दिये हैं उस से जन-जीवन त्राहि, त्राहि कर उठा है, लेकिन कहते हुये दुख होता है कि देश के विकास में संलग्न हम पी० डब्लू० डी० के हजारों मजदूर आज इतना कम वेतन पा रहे हैं जिससे हमारा जीवन दूभर हो गया है। हमको विवश होकर आज 'समाजवाद' के हामियों तथा इस प्रदेश क भाग्य निर्माताओं को एक बार फिर याद दिलाने के लिये विवश होना पड़ रहा है कि हमको सरकार की ओर से जो वायदे किये थे क्यों पूरे नहीं किये गये ? क्या हमको जीवित रहने का अधिकार नहीं जो हमारी उपेक्षा की जा रही है। गत अप्रैल १९६४ में सरकार की ओर से हम कर्म-

चारियों के वेतन में बहुत ही थोड़ी सी वृद्धि की गई थी जोकि कोई अर्थ नहीं रखती लेकिन खेद है वह भी पूर्णरूप से नहीं दी गई । उदाहरण के तौर पर गैंग मेनों के वेतन में ५) रुपये प्रति मास की वृद्धि की गई थी जोकि ३) रु० प्रति मास के हिसाब से दी गई या कुछ लोगों को कुछ भी नहीं दिया गया इसी प्रकार जो कर्मचारी "पे स्केल" में वेतन पाते हैं उनके मंहगाई भत्ते में ५) रुपये की वृद्धि की गई थी लेकिन लालफीताशाही के कारण वर्क चार्ज स्टाफ को ५) रुपये की वृद्धि नहीं दी गई ।

वेतन वृद्धि एवम् सरकार के आश्वासन :—जबकि १७ मार्च १९६४ को लखनऊ में यू०पी०पी०डब्लू०डी० एम्प्लाइज यूनियन का अधिवेशन हुआ था उस अवसर पर अपने प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण विभाग के मन्त्री माननीय श्री जगन प्रसाद रावत ने यह घोषणा की थी कि अप्रैल १९६४ से प्रदेश के किसी भी कर्मचारी का वेतन ५०) रु० प्रति मास से कम न होगा तथा ५०) रु० से अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के वेतन में ५) रु० प्र० मा० की वृद्धि होगी और इसी प्रकार सब गैंग मैनों को प्रति वर्ष १४ दिन की सवेतन छुट्टी एवम् वर्क चार्ज स्टाफ को १४ दिन के अलावा १० दिन की छुट्टी और मिला करेगी । माननीय मंत्री जी ने इसी प्रकार की घोषणा बजट अधिवेशन के समय १९ मार्च १९६४ को विधान-सभा में की थी, लेकिन मंत्री जी महोदय के आश्वासन आज तक पूरे नहीं हुए इसके लिये कौन जिम्मेदार है यह सरकार जाने ? लेकिन खेद है हम गरीब मजदूरों को कोरे आश्वासन नहीं बल्कि पेट भरने के लिये पैसे चाहिये । जब एक तरफ हमारे एम. एल. ए. तथा एम. पी. बढ़ती महगाई को महसूस करते हुए अपने मासिक भत्तों में ड्यौढ़ी वृद्धि करा सकते हैं तो क्या हम देश के निर्माताओं के पेट भरने के लिये वेतनों में वृद्धि होना जरूरी नहीं ?

राष्ट्र पति के आदेश की अवहेलना :—दिसम्बर १९६२ में भारत के राष्ट्र पति ने आदेश G. O. NO 11 (21) E/III—62 दिसम्बर २९, १९६२ के द्वारा यह आज्ञा परित की थी जिसमें यह स्पष्ट किया गया था तमाम वर्क चार्ज स्टाफ को वे समस्त सुविधाएँ तथा वेतन मिलने चाहिये जो अन्य

स्थाई सरकारी कर्मचारियों को मिलते हैं लेकिन राष्ट्रपति जी के इस आदेश का अभी तक पालन नहीं हुआ।

भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा मजदूरों का शोषण:— कहने को तो हमारी सरकार देश को लोकतंत्रीय समाजवाद की स्थापना की ओर ले जाने का दावा करती है लेकिन सरकार की मशीनरी के जो काम हैं वे हमको दक्षिण अफ्रीकी सरकार की काले गोरे के भेदभाव की नीति की याद दिलाते हैं यहां मजदूरों का जीवन उनके लिए एक खिलौने के समान है मन में आये जहां फैंकों और जहां रक्खो उदाहरण के तौर पर श्री हमीद मेट और उनके गैंग के वेगुनाह कर्मचारियों को ४ मास हुए मुअत्तिल कर दिया गया था, आज तक उनके विषय में कोई निर्णय नहीं हुआ और न मुअत्तली के समय का उनको कोई वेतन ही दिया गया यहीं तक नहीं बल्कि मुअत्तली से पहले के भी वेतन रोक लिये गये। आज की महंगाई के समय क्या अधिकारियों की ये हरकतें मानवीय हैं ? कदापि नहीं ! हमारी यूनियन P. W. D. के उच्च समझदार अधिकारियों से मांग करती हैं कि मुअत्तिल किये गये कर्मचारियों को शीघ्र काम पर लिया जावे और इस बीच का वेतन दोषी अधिकारीयों के वेतन से काट कर दिया जावे ! इसी प्रकार इन अधिकारियों ने "आपस में लड़ाओ और शासन करो" वाली अंग्रेजों की नीति अपनाई हुई है हमारी इस मांग के अनुसार कि सभी कर्मचारी स्थाई तथा रैगूलर हों, अधिकारी अपनी मनमानी करने में नहीं चूकते पक्षपात करके उन्होंने कुछ ही कर्मचारियों की स्थाई अथवा रैगूलर बनाया है पुराने तथा अनुभवी चारयिों की उपेक्षा की गई है जो आपस में मनभेद उत्पन्न करने वाली नीति है। हाँ जो कर्मचारी स्थाई या रैगूलर किये गये है उनको उन सब सुविधाओं से वंचित कर दिया है जो पहले मिलती थी जैसे रोड एलाउन्स, ड्यूटी एलाउन्स तथा ओवर टाइम आदि।

एक ही विभाग एक ही काम लकिन वेतन अलग २ :— यह कैसा अंधेर है जबकि एक ही डिपार्टमेंट में एक ही काम करने वाले मजदूरों के वेतनों में असामानता है। उदाहरण के तौर पर सरकिल नम्बर एक के गैंग बेलदारों को ५०) रु० वेतन तथा मेटों को ६०) रु० मिलते है तो दूसरी तरफ

सरकिल नम्बर दो के गैंग मैनों को ४५) रु० तथा मेटो को ५०) रु० मिलते है क्या अधिकारी इस भेद भाव को मिल कर समान वेतन देंगे ?

हमारी माँगें :—(१) आज कमर तोड़ मंहगाई के समय २॥) रु० प्रतिदिन अथवा ६५) रु० प्रति मास से किसी भी मजदूर का वेतन कम नहीं होना चाहिये।

(२) सरकार तत्काल हम लोगों के लिये खाद्यान्न एवम जीवनोपयोगी वस्तुएँ खरीदने के लिए सस्ती वस्तुओं की दूकान खुलवाये। यह यूनियन पहले भी मांग कर चुकी हैं यदि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो उस के लिये सरकारी अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

(३) सरकार ने जो हाल में ही उ० प्र० के राजकीय कर्मचारियों के लिए वेतन आयोग बनाया है उस में पी० डब्लू० डी० के समस्त कर्मचारियों को उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। ऐसा न हो कि गत वेतन आयोग की भाँति हमें छोड़ दिया जावे।

हम आज इन सब ही समस्याओं को लेकर अपने कर्मचारियों से प्रार्थना करते हैं कि यदि जीवित रहना है तो हम को अपना संघर्ष और तेज करना होगा इसलिये ९ अगस्त को होने वाली सभा में आप अधिक से अधिक सख्या में एकत्रित होईये ताकि हमारी एकता को बल मिले और हमारी आवाज सरकार के कानों तक पहुँच सके। हम को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी है और यदि हमारी एकता कायम है तो विजय हमारी ही होगी।

नोट:— कृपया जिन साथियों ने १९६४-६५ का यूनियन का चन्दा नहीं जमा किया है वे अगस्त के अन्त तक अपना चन्दा जमा करा दें अन्यथा उनकी सदस्यता समाप्त हो जावेगी।

विनीत :—

अब्दुल हफीज
सभापति

चन्दन सिंह बिस्ट
मन्त्री

सर्वोदय प्रिंटिंग प्रेस, आगरा।

यू॰ पी॰ डब्लू डी इम्पलाइज यूनियन
(आगरा शाखा)
१४२ शिवाजी मार्किट. आगरा

1707 17/8/64

FOR FAVOUR OF PUBLICATION:

At the conclusion of Annual convention, employees demonstrated at P.W.D. Offices.

Agra 10th Aug. 64.

Annual convention of U.P. P.W.D. Employees Union Agra Branch was held here at Shivaji Market Agra, under the presidentship of Branch's Chairman Comrade Abdul Hafiz.

Shri Chandan SinghVisth Secretary of the Branch Union, gave his annual report and last year's account of income and expenditure, which was adopted unanimously.

Sarvashri Mathura Prasad and Inderjit Singh greeted the convention on behalf of Aspatal & Medical College Karamchari Sangh and Mechanical & Technical Workers Union respectively.

In ~~thixxan~~ his presidential address comrade Abdul Hafiz stressed the need of immediate relief to the employees since the meagre wages they are drawing have fallen far short of the need due to ever rising prices of food and other commodities of daily use as well as due to scarcity and nonavailablity of food grains etc. It has become essential that the Department should open and supply all commodities of daily use to the employees if the department wish their employees to con-tinue to work for the Nirman (Developement) of the Nation.

Through a resolution demand to raise the minimum pay-scale to Rs 65/- per month or 2/50 per day was put forward, and that all employees of the Department whether work-charged, muster -roll or casual labour should be given Dear Food Allowance as per cost of living index, and rise in prices fully compensating the rise.

An executive committiee of 21 members was elected for the next year 1964-65.

After the conclusion of the meeting employees took out a huge procession and held demonstration at the office of the Executive Engineer and the Superintending Engineer of 2nd Circle Agra. Amongst slogons of their demands the resolutions passed at the convention were handed over to these officials.

चन्दन सिंह

(Chandan Singh Visth).

All India Trade Union Congress - New Delhi.

(Resolutions passed at the Annual General meeting of the U.P. P.W.D. Employees Union Agra Branch, held under the Presidentship of Shri Abdul Hafiz, at Shivaji Market, Agra).

---

1. This annual general meeting of the U.P. P.W.D. Employees Union, Agra Branch demands of th U.P. Government that in view of scarcity, non-availablity and high prices of food-grains and other commodities of daily use, it has become essential in the interest of our duties andin order that we may continue the work of Nirman (development) that all commodities of daily use be supplied to all employees of the Department by the cheap provision shops opened and maintained by the Department.

2. This annual convention ofU.P. P.W.D. Employees Union Agra Branch strongly protests against the administration for not allowing sanctioned Rs 5/- per month increase to all Gang-labour in this Circle, and allowed only Rs 3/- per month, while in all other Circles an increase of Rs 5/- per month has been allowedwith effect from April 64. This meeting demands that Rs 2/- per month be immediately allowed and paid to all employee-s with retrospective effect from April 64, along with arrears.

3. This meeting protests against the Department's local authorities for their failure to allow Rs 5/- per month recently increased to all State Government employees ~~who re-fixed~~ in their Dear Food Allowance, to work-charged employees who are fixed and drawing wages in regular pay-scales, i-e, Drivers cleaners, Fitters, and Supervisors etc.

4. This annual meeting reiterates once again that the wages which are being paid to P.W.D. employees are very meagre and need immediate revision. In the present circumstances, no workman be given minimum wages which may be less than Rs 65/ per month or Rs 2/50 per day. Besides, all workmen whether work-charg-ed or that of muster roll should be granted Dear Food Allowance as allowed to other State Government employees.

This meeting notes the announcement of U.P. Government ~~Even--This~~ on the appointment of wage-committee for State Govt. employees and while appreciating this gesture it wishes to emphasise that Public Works Department's employees whether regular, work-charged or that of muster roll or even casual labour should in no way be ignored and be covered for revision of wages, along with other Government employees.

5. This meeting of U.P. P.W.D. Employees Union Agra Branch notes with regret and disgust that inspite of laws and rules prohibiting taking private work, it is still prevalent on a vast scale in the Circle and private work is being extracted from Baildars, and mates by overseers, engineers, and other subordinate officers, while payment is made from the Public treasury. This meeting demands thtt this practice be stopped forthwith and action be taken against such officers who are misusing Govt.'s labour and using it for their private purposes.

6. This meeting reiterates and repeats its age-old demand that all employees of the Department who has put in one year's service be declared regular and permanent and allowed facilities as allowed to other permanent employees.

7. This meeting demands immediate reinstatement of Hamid Mate and his gang of Agra Bah Kachoraghat Road, who are under suspension from duty since last 4-5 months and they be allowed their due wages and suspension period's subsistance allowance otherwise the Union will reluctantly permit Hamid and his Gang Baildars to start their contemplated Hunger-strike, the respons-

ram : Care "GILLANDERS"

Phone : 3230,

GILLANDERS EMPLOYEES' UNION

(Regd. No. 1602)
RECOGNISED

Union Offices :
CALCUTTA, MADRAS,
OMBAY, KANPUR, DELHI.

36/8, HATA RAM MOHAN,

f. No. G.U/K/13.

KANPUR 19th August 19 64

The Labour Commissioner,
Uttar Pradesh,
KANPUR.

Dear Sir,

We have pleasure in informing you that in sympathy with the Local and Central Trade Unions' call for a token one day's strike on 18.8.64 to protest against the Govt. utter failure to hold the price line of the essential commodities and ease the country wide acute food problem we have had a successful event on the same day by conducting the aforesaid strike peacefully, so much so that quite a huge percentage of Managerial staff also absented themselves from duties after some time.

We trust you will concur with the views expressed in view of the situation obtaining out of the continued rise in prices and represent our legitimate demand of redressing the agony of teeming millions to the Government and to the employers as well, who should help the working class by holding the price line and according the facility of having foodgrains at the respective organisations where they are employed.

We are confident that you would find our request appropriate and that we look forward for the Government's assistance in helping us to combat the food prices effectively.

Yours faithfully,

G. N. Khare

(G. N. KHARE)
GENERAL SECRETARY.

cc. to the Home Minister Sri Gulzarilal Nanda, New Delhi.
cc. to Labour Commissioner, U.P., Lucknow.
cc. to The Managing Director, Gillanders Arbuthnot & Co.Ltd., Post Box No.174, Netaji Subhas Road, Calcutta.
cc. to all Union Units.
cc. to A.I.T.U.C., Delhi.
cc. to General Secretary, All India Gillanders Employees Federation, Calcutta.

Gram : Care "GILLANDERS" Phone : 32307

GILLANDERS EMPLOYEES' UNION

(Regd. No. 1602)
RECOGNISED

Union Offices :
CALCUTTA, MADRAS,
BOMBAY, KANPUR, DELHI

36/8, HATA RAM MOHAN,

Ref. No. GEU/X/14.

KANPUR 20th August, 1964.

The Labour Commissioner,
Uttar-Pradesh,
KANPUR.

A.I.T.U.C.
Received 17/8/64 24/8/64
Replied..........

Dear Sir,

As you might be aware that we lodged a conciliation case with you in respect of the Management of M/s.Gillanders Arbutnnot & Co.Ltd's attempt to eject one of the workmen of this concern from occupation of one of the quarters situate at Company premises, which was allotted to him eversince his appointment with the Company. The Management, however, lodged a civil suit against this particular employee for the necessary ejectment. The Union by its majority decided to contest it first at the Civil Courts and thereafter at the Labour Courts and as such this case was requested to be consigned to records until such time as a decision from the Civil Court is obtained.

This is now to inform you that this case is being contested at the Civil Courts and inspite of our best efforts to amicably settle matters across the table and get the Management to withdraw their Civil Suit against this employee, we have been repeatedly emphasised by them that as it is a case between an individual person and the Branch Manager of the Company, it does not fall within the perview of the Union to have any negotiated settlement.

It would now be surprising to note that whereas the Company hold that this case is a personal matter between two employees of the Company, i.e. the Branch Manager on the one part and the employee in question the other, they are granting unusual concession and privileges, financial and otherwise, to one employee, i.e. the Branch Manager and neglecting the other employee, i.e. the above defendant. It would further be interesting to note that whereas the Management grant leave to the person giving evidence for the Branch Manager without recording such leave in the Company Leave Register, they are granting casual leave to the undersigned against his approach that he be permitted to leave the office for appearing in the Civil Court in this very case, particularly in view of the fact that he has been summoned up by the learned Judge. You will, thus, appreciate that by virtue of our being a Recognised and Registered Union, we have the Fundamental right to avail of such opportunities whenever they arise and Management cannot legally prohibit us for doing so, especially on our own Union causes.

It is evident, therefore, that the gross high-handedness on the Part of the Company Management and their wrongfully utilising Public Finance out of their way in assisting one class of their servicemen for crushing the just and legitimate claim of another sector of workmen is deplorable, unjustified, unilateral and devoid of human approach and commands condemnation. Such filthy action should be ceased forthwith and you must immediately exhort your influence in bringing in a complete cessation of these unfair practices in this Organisation and help employees to maintain peace, since the sophisticated atmosphere created by the Company Management has disturbed and agitated the minds of the employees in general.

We trust you will give your kind attention immediately in the matter and look forward to having your prompt intervention in this regard.

Thanking you in anticipation.

P.T.O.

Yours faithfully,

(O.N.KHARE).
GENERAL SECRETARY.

opy for information & necessary action for stopping the above malpractices to :-

1. The Managing Director, Gillanders Arbuthnot & Co.Ltd. Post Box No.174, Gillander House, Netaji Subhas Road, Calcutta-1.
2. Hon'ble Sri Gulzarilal Nanda, Union Home Minister, New-Delhi.
3. Hon'ble Sri Bansi Das, Labour Minister, Govt.U.P., Lucknow.
4. The General Secretary, A.I.T.U.C., New-Delhi.
5. The President, Gillanders Employees' Federation, Calcutta.
6. All Units.

A.I.T.U.C.
2096 14/9/64

FOR FAVOUR OF PUBLICATION:

Under the auspices of Kanpur Tannery & Leather Workers' Union, Kanpur, a meeting of the Cooper Allen and North West Tannery workers was held under the presidentship of Sri ~~Shiv~~ Shiv Sharma, while addressing the meeting Sri Sharma congratulated the workers for organising a successful strike on 18th August, 1964. He also hailed the recent struggle of the workers employed in civilian shoe department of Cooper Allen and demanded of the management to pay arrears of deducted wages of the workers in other departments of the concern. He further condemned the callous attitude of the Government and the management in not opening fair price shop in the concern.

By a resolution, the meeting reiterated the demand of immediate reduction of prices of essential commodities, to open fair price shops, cent percent neutralisation D.F.A and wages recommended by Nimbkar Committee, election of the Welfare Committee and formation of Works Committee in the concern.

By another resolution, the meeting decided to convene a ~~xxx~~ state conference of Tannery & Leather workers at Kanpur on October 24th and 25th, 1964 to achieve the demand of Wage Board, nationalisation of Cooper Allen and North West Tannery branches of B.I.C., Ltd., and High Power Commission.

By at another resolution the ~~xxxx~~ meeting condemned the action of the Government and the police authorities in resorting to lathi charge at several places and manhandling the peace ful satyagrahis and not treating them as political prisoners and treating them as ordinary criminals in the jails. It further demanded immediate release of the Satyagrahis.

The Editor
T.U. Record
New-Delhi

S. Sharma
(SHIV SHARMA)
President

8.9.1964.

17.9.

2329 30/9/64

INVEST WISELY
Buy NATIONAL SAVINGS CERTIFICATES

INDIAN POSTS AND TELEGRAPHS DEPARTMENT

250

No.

Office stamp
28 9 64

Class } Prefix } O Code 0725

Recd. from SHm

By R 9

Sent at ____ H. ____ M.
To ____
By ____

Handed in at (Office of Origin)	Date	Hour	Minute	Service Instructions	Words
5 Saharanpur	28			threead D	45

TO

Recd. here at 7 H. 50 M.

Dange president AITUC ND

police arrested peaceful workers two am management taking out goods and record Illegal lockout since 3rd septr Invite peaceful negotiation requested – workers saharanpur Enghg works saharanpur

MGIPAR

Sugar Mill Labour Union

Aff. No. 95 U. P. BAREILLY. Regd: No 2207

Affiliated to All India Trade Union Congress

Ref. No..... Date....30th..Sept.1964.

The General Secretary,
All India Trade Union Congress,
Rani Jhansi Road,
New Delhi.

2352 11/10/64

Dear Comrade,

Re: Annual subscription.

To-day we have sent you by money order an amount of Rs.40/10 paisa(Rs.forty and paisa ten only) against our annual subscription for the year ending on 31st March 1964, for our total membership of 401 persons, @ ten paisa per member, for which please issue your official receipt on our behalf and oblige.

-thanking you and assuring you of our close co-operation at all times.

Yours faithfully,
Prithi Raj
(prithi Raj),
Secretary,
Sugar Mill Labour Union,
BAREILLY.

15

BOOK-POST A.I.T.U.C.

2521 16/10/64

AGRA CANTT.

U.P. P.W.D. EMPLOYEES UNION - AGRA BRANCH.

102 Shivaji Market
Agra 11th Oct. 64.

To

The General Secretary
All India Trade Union Congress
Rani Jhansi Road - New Delhi

Dear Sir,

Please find herewith a copy of the resolution passed at a mass meeting of Agra P.W.D. employees held under the Presidentship of Com. Abdul Hafiz (Chairman of U.P. P.W.D. Employees Union, Agra Branch and General Secretary District Labour Federation Agra), on 11th Oct. 64 at 10-30 A.M.

It is being send to you for your information and necessary early action please:

(Chandan Singh)
Branch Secretary.

"This general meeting of P.W.D. employees of Agra expresses its concern over the prolonged Chain Hunger Strike of the Staff and the callous attitude of the authorities of the Department over the just demands of the employees, for which they are forced to resort to this starvation since 7th Sept. 1964.

This meeting once again reiterate the demands put up by the Branch Union and expresses its resolve to continue this agitation till these demands are conceeded. These demands are as under:

1. Hamid mate and his gang is reinstated honourably to their duty with wages of the period they are so kept or forced unemployment and the S.D.O. Bah be punished for his arbitary and beaurocratic action and behaviour.
2. The minimum wages of baildars be raised to Rs 65/- per month and and Rs 2/50 per day and Rs 70/- per month to mate etc; henceforth all employees of the Department whether work-charged, muster-roll, temporary or casual be paid Dear Food Allowance fully neutralising the rise in cost of living.
3. All employees of the Department spead over in the whole District and rural areas be supplied grain and other commodities of daily use from the Cheap Provision shops to be opened by the Department.

This meeting resolves that in case the above minimum demands are not conceeded by 18th Oct. 64, the employees will go on one day's token tools-down and sit-down on work strike on Monday the 19th Oct. 64.

